# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 6:35 बजे
सूर्यास्त शाम 5:38 बजे

● साल-1 ● अंक-53 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-01 रुपये ● बुधवार 29 अक्टूबर 2025 ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● चंडीगढ़ ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज़ ब्रीफ

### तुर्किये: 6.1 तीव्रता से हिली ज़मीन

**तुर्किये|** तुर्किये के बालिकेसिर प्रांत के सिंदिरगी इलाके में सोमवार रात 6.1 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इसकी गहराई करीब 6 किमी बताई गई। इस्तांबुल सहित आसपास के कई इलाकों में झटके महसूस हुए। उपराष्ट्रपति जेवदेत यिलमाज ने कहा कि राहत एजेंसियां मौके पर हालात की जांच में जुट गई हैं।

### अमेजन में 30 हज़ार कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली|** वैश्विक ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन लगभग 30,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है, जो कुल कॉर्पोरेट वर्कफोर्स का 10% है। यह कदम महामारी काल में हुई ओवर-हायरिंग और खर्च नियंत्रण की रणनीति के तहत उठाया जा रहा है। प्रभावित कर्मचारियों को मंगलवार से ईमेल के जरिए सूचना दी जाएगी।

### हाईटेंशन लाइन से बस में आग, 3 मरे

**जयपुर|** जयपुर के मनोहरपुर क्षेत्र में मंगलवार को एक बस हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आने से करंट प्रवाहित हो गया और बस में आग लग गई। हादसे में यूपी के तीन लोगों की जान गई, जबकि 10 मजदूर झुलस गए। बस में रखे कई गैस सिलेंडरों में भी धमाके हुए। गंभीर घायलों को जयपुर रेफर किया गया है।

### पूर्व मंत्री राय हादसे में बाल-बाल बचे

**उत्तर प्रदेश|** एनएच-28 पर सुकरौली के पास पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री डॉ. पी.के. राय की कार को तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ, लेकिन डॉ. राय और एक अन्य व्यक्ति सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

### कराची पोर्ट इस्तेमाल करने का ऑफर

**कराची।** पाक ने बांग्लादेश को अपने कराची पोर्ट का उपयोग करने का प्रस्ताव दिया है। यह पेशकश दोनों देशों की 9वीं जॉइंट इकोनॉमिक कमीशन बैठक में की गई, जो ढाका में 20 साल बाद हुई। पाकिस्तान का तर्क है कि कराची पोर्ट का इस्तेमाल बांग्लादेश को चीन मध्य एशियाई बाज़ारों तक पहुंच दे सकता है।

### सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# पंजाब कैबिनेट की बैठक: बिल्डिंग नियमों में बड़े बदलाव को मंजूरी, नई तहसील और बरनाला नगर निगम का गठन

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब सरकार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत फैसलों को मंजूरी दी। सीएम आवास पर करीब दो घंटे चली इस बैठक में शहरी विकास, प्रशासनिक ढांचे, स्वास्थ्य और खेल सेक्टर से जुड़े अहम सुधारों को हरी झंडी दी गई। भगवंत मान ने कहा कि चावल पंजाब का खाना नहीं है। ऐसे में हमें कोई विकल्प दे दो। बाढ़ के बावजूद भी केंद्रीय फूड भंडार में अनाज दिया है। हमारी कोशिश रहती है कि किसी भी विभाग में कोई पद खाली न रहे। सारे पद भरे जाएंगे।



कैबिनेट के साथ बैठक करते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान।

**▪ लुधियाना में नई सब-तहसील और प्रशासनिक विस्तार...** *कैबिनेट ने लुधियाना जिले के नॉर्थ क्षेत्र को सब-तहसील घोषित करने का निर्णय लिया। इसमें चार पटवारी सर्किल, सात-आठ गांव और एक कानूनगो सर्किल शामिल किए जाएंगे। यहां एक नायब तहसीलदार की तैनाती की जाएगी, जिससे लोगों के राजस्व कार्यों में सुविधा बढ़ने की उम्मीद है।*

**▪ बिल्डिंग निर्माण में 'सेल्फ सर्टिफिकेशन मॉडल' लागू...** *बैठक में सबसे प्रमुख फैसला पंजाब यूनिफाइड बिल्डिंग रूल्स-2025 के लागू होने का रहा। नए नियमों के तहत आम नागरिकों को भवन निर्माण की मंजूरी लेने की प्रक्रिया आसान होगी। अब कम ऊंचाई वाली इमारतों की सीमा 15 मीटर से बढ़ाकर 21 मीटर कर दी गई है। लोग अपने अधिकृत आर्किटेक्ट से सीधे नक्शा तैयार करवा सकेंगे। आर्किटेक्ट के सेल्फ सर्टिफिकेशन से नक्शा स्वीकृत माना जाएगा। 100 वर्ग गज तक के प्लॉटों पर पार्किंग के साथ ग्राउंड कवरेज और सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा। सरकार का दावा है कि इससे आम आवासीय निर्माण में देरी और विभागीय अव्यवस्था दोनों में कमी आएगी।*

**▪ बरनाला नगर काउंसिल को मिला नगर निगम का दर्जा...** *बरनाला को नगर निगम घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार के अनुसार, यहां की आबादी और जीएसटी संग्रहण नगर निगम के मानकों पर खरे उतरते हैं। यह लंबे समय से स्थानीय लोगों की मांग रही थी, जिससे अब शहरी ढांचा और नागरिक सुविधाएं और बेहतर होने की उम्मीद है।*

**▪ स्पोर्ट्स मेडिकल कैडर में 100 नई भर्तियां...** *खेलों के क्षेत्र में मेडिकल सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए एक नया स्पोर्ट्स मेडिकल कैडर बनाया गया है।*
*-ग्रुप-A, B और C के 100 पद स्वीकृत -यह सभी भर्तियां अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) आधार पर होंगी(*
*-चोटिल खिलाड़ियों के त्वरित उपचार के लिए बड़े खेल जिलों में तैनाती की जाएगी।*

## स्वास्थ्य और सामाजिक सुधारों से जुड़े फैसले

डेराबस्सी में 100 बेड का ईएसआई अस्पताल। कैबिनेट ने डेराबस्सी में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESI) अस्पताल स्थापित करने को मंजूरी दी।
▪ चार एकड़ जमीन लीज पर दी जाएगी।
▪ निर्माण का खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी।
▪ यह सुविधा क्षेत्र के औद्योगिक श्रमिकों और उनके परिवारों को बड़ी राहत देगी।
▪ नशा मुक्ति केंद्रों की सख्त मॉनिटरिंग।

### राज्य में संचालित निजी नशा मुक्ति केंद्रों के नियमों में बदलाव किया

▪ एक व्यक्ति अधिकतम 5 सेंटर ही चला सकेगा। ▪ हर मरीज की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य। ▪ दवाओं की सप्लाई व खुराक पर कड़ी नजर। ▪ संचालन और निरीक्षण खरड़ की केंद्रीय लैब से होगा। ▪ सरकार के अनुसार, कई शिकायतें मिली थीं कि कुछ केंद्रों में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। नियम सख्त होने से पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ेगी।

### उद्योगों के लिए नई रियायतें

▪ बैठक में उद्योग-अनुकूल नीतियों को मजबूती देने पर भी सहमति बनी। ▪ पंजीकरण शुल्क में छूट। ▪ बैंकिंग, फाइनेंस और प्रोत्साहन योजनाओं में समर्थन। ▪ इन निर्णयों को लागू करने से पहले विशेषज्ञों और मंत्रियों की कमिटी की रिपोर्ट पर विचार किया गया।

## श्री गुरु तेग बहादुर शहीदी पर्व को राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा

-सीएम मान ने बताया कि साहिबज़ादा गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर भव्य आयोजन किए जाएंगे। ▪ पहला नगर कीर्तन श्रीनगर से शुरू होगा। ▪ कश्मीरी पंडित भी शामिल होंगे। ▪ देशभर के मुख्यमंत्रियों, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को आमंत्रण। ▪ श्री आनंदपुर साहिब में 23–25 अक्टूबर तक समागम। ▪ 24 अक्टूबर को विधानसभा का विशेष सत्र वहीं आयोजित होगा। ▪ 25 को मुख्य 'भोग' कार्यक्रम। ▪ सरकार का उद्देश्य इन आयोजनों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

**▪ एक महीने में दूसरी कैबिनेट बैठक...** इससे पहले 13 अक्टूबर को भी बैठक हुई थी, जिसमें बाढ़ प्रबंधन और सामाजिक कल्याण से जुड़े निर्णय लिए थे। सरकार का कहना है कि नीतियों में क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## हरियाणा में सॉन्ग प्रमोशन इवेंट में दो महिला इन्फ्लुएंसर में मारपीट

**समर न्यूज़। सोनीपत/भिवानी**

हरियाणवी सिंगर दिलेर खरकिया और अभिनेत्री अंजलि राघव के नए गाने 'प्रोटीन' के प्रमोशन के दौरान दो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के बीच झगड़ा हो गया। यह कार्यक्रम भिवानी के खरक कलां गांव स्थित फार्म हाउस में आयोजित किया गया था। सोशल मीडिया पर सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि इन्फ्लुएंसर ईशा राठी और प्रिया खारी के बीच कहासुनी हुई और अचानक प्रिया ने ईशा को चांटा मार दिया। इसके बाद गुस्साई ईशा ने अपनी सैंडल निकालकर प्रिया के माथे पर दे मारी, जिससे उसे चोट लग गई और वह वहीं गिर पड़ी। मौके पर मौजूद अन्य कंटेंट क्रिएटर्स ने मध्यस्थता कर स्थिति को संभाला।
ूत्रों के अनुसार झगड़े के समय दिलेर खरकिया और अंजलि राघव भी पास में मौजूद थे, लेकिन वे इस विवाद में शामिल नहीं थे। पिछली तनातनी बनी कारण बताया जा रहा है कि दोनों इन्फ्लुएंसर उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं और कोरियोग्राफर अभि काशीयाल के साथ काम कर चुकी हैं। कुछ समय पहले तक अभि, ईशा के साथ वीडियो बनाते थे, लेकिन बाद में उन्होंने प्रिया को लीड करना शुरू कर दिया। इसी बदलाव से दोनों के बीच पहले से ही तनाव था।

## लालपुरा को हाईकोर्ट से राहत नहीं; सुनवाई अगले महीने होगी

**चंडीगढ़|** पंजाब के पूर्व मंत्री और आप नेता मनजिंदर सिंह लालपुरा को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से कोई अंतरिम राहत नहीं मिली। लालपुरा ने निचली अदालत द्वारा सुनाई गई 4 साल की सजा पर रोक लगाने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अभी तक उनकी विधानसभा सदस्यता निरस्त करने जैसी प्रक्रिया शुरू भी नहीं हुई है, इसलिए तत्काल हस्तक्षेप का आधार नहीं दिखता। लालपुरा की ओर से तर्क दिया गया कि यदि सजा पर स्टे न मिला तो उनकी विधायकी स्वतः समाप्त हो सकती है।

## तीन आईएसआई एजेंट जिंदा बम समेत गिरफ्तार

**सुनील शिंगार/अशवनी पाहवा, लुधियाना**
**समर न्यूज़**

पाकिस्तानी आईएसआई के तीन एजेंटों को लुधियाना पुलिस में गिरफ्तार किया है जबकि उनके दो साथी अभी फरार बताए जा रहे हैं। तीनों ही आरोपियों को पुलिस ने रविवार देर रात को थाना बस्ती जोधेवाल इलाका में नाकाबंदी दौरान गिरफ्तार किया जिनसे एक जिंदा हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि तीनों ही आरोपी इस हैंड ग्रेनेड को मुक्तसर साहब इलाका से लेकर आए थे। इस हैंड ग्रेनेड को लुधियाना स्थित जालंधर बाईपास के पास एक प्लाट में छुपाना था। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा लगातार जांच की जा रही है कि उक्त हैंड ग्रेनेड के साथ पाकिस्तान एजेंटों ने किसी वारदात को अंजाम देना था। देर रात जब पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट के पकड़े जाने की सूचना पुलिस के आला अधिकारियों को मिली तो तत्काल प्रभाव से वह भी मौके पर पहुंचे। आला अधिकारियों ने मौके पर ही बम निरोधक दस्ते को बुलाया। आरोपियों से बरामद हुआ हैंड ग्रेनेड जिंदा होने की पुष्टि होने पर अधिकारियों ने इस मामले पर गंभीर संज्ञान लिया और देर रात तक इस मामले की गहनता से जांच की गई। प्राथमिक जांच में गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह इस हैंड ग्रेनेड को मुक्तसर साहिब से लेकर आए थे जिसको लुधियाना के जालंधर बाईपास के पास एक प्लाट में छुपाना था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह पता चल रहा है कि आरोपियों द्वारा सप्लाई किया जा रहे इस हैंड ग्रेनेड को लुधियाना में किस व्यक्ति को सप्लाई करना था फिलहाल इसका पता नहीं लग पाया है। अधिकारियों ने यह भी माना की गिरफ्तार आरोपी यह मान रहे हैं कि इस हैंड ग्रेनेड के साथ लुधियाना के भीड़भाड़ वाले इलाका में दहशत का माहौल पैदा करना था।
- आरोपियों का 6 दिन पुलिस रिमांड
आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने मानयोग अदालत में पेश किया। मानयोग अदालत ने तीनों ही आरोपियों को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। बताया जा रहा है कि आरोपियों से पुलिस के आला अधिकारी लगातार पूछताछ कर रहे हैं। इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपियों का लुधियाना लिंक क्या है। इसके लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है।
- खंगाले जा रहे मोबाइल फोन
पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों से जो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं उक्त मोबाइल फोन की भी गहनता से जांच की जा रही है। आरोपियों के मोबाइल फोन से कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर और दस्तावेज भी पुलिस ने बरामद किए हैं। उक्त बरामद किए गए मोबाइल को फ्रांसिक टीम के पास जांच के लिए भेजा जा रहा है।

## भारत के खिलाफ नरमी बरतो, लेकिन गांगुली नहीं माने

### ▪ स्टुअर्ट ब्रॉड के पिता क्रिस ब्रॉड के गंभीर आरोप, आईसीसी पर राजनीति का बड़ा खुलासा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज़ और लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय मैच रेफरी रहे क्रिस ब्रॉड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि अपने करियर के दौरान उन्हें भारत की ओवर-रेट गलतियों पर नरमी बरतने का दबाव बनाया गया था। क्रिस ब्रॉड, इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज़ स्टुअर्ट ब्रॉड के पिता हैं। 68 वर्षीय ब्रॉड ने बताया कि 21 साल तक रेफरी रहने के बाद 2024 में आईसीसी ने उनका कॉन्ट्रैक्ट नवीनीकृत नहीं किया। वह 2003 से इस पद पर कार्यरत थे और इस दौरान उन्होंने 600 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों की निगरानी की, जो विश्व क्रिकेट में किसी भी रेफरी द्वारा तीसरी सबसे बड़ी संख्या है।





**▪ भारत के मामले में फोन आता था, नरमी बरतें...** *द टेलीग्राफ को दिए इंटरव्यू में ब्रॉड ने कहा कि उन्हें कई बार भारत के खिलाफ सख्ती न दिखाने को कहा गया। उनके शब्दों में—"भारत किसी मैच में 3-4 ओवर पीछे रह जाता और जुर्माना बनता। लेकिन फोन आता — 'भारत है, थोड़ा नरम रहो, समय निकालो।' उन्होंने खुलासा किया कि एक मैच में उन्होंने समय निकालकर जुर्माना कम भी किया, ताकि भारत पर बड़ी कार्रवाई न हो। लेकिन अगले मैच में भी वही स्थिति दोहराई गई। गांगुली ने कुछ नहीं सुना फिर कहा- अब करो कार्रवाई ब्रॉड ने बताया कि उस दौर में भारतीय टीम के कप्तान सौरव गांगुली थे और वह अंपायरों की जल्दबाज़ी की अपीलों को अनसुना करते। ब्रॉड ने बताया:"मैंने पूछा- अब क्या किया जाए? तो जवाब मिला-'अब कार्रवाई करो।' यहीं से समझ आ गया कि राजनीति शुरू से ही शामिल है।" उन्होंने इशारों में कहा कि कई रेफरी इन दबावों को समझते हैं और या तो राजनीतिक रूप से चतुर बन जाते हैं या फिर चुप रहकर नौकरी करते रहते हैं। ब्रॉड ने कहा कि पिछले कुछ सालों में ICC की निष्पक्षता कमजोर हुई है और भारत के पास अब सबसे अधिक सत्ता और पैसा है। उनका बयान—"भारत के पास पैसा है और अब उन्होंने ICC को अपने नियंत्रण में लिया है। इसलिए मैं खुश हूं कि अब उस सिस्टम का हिस्सा नहीं हूं।"*

## डीयू छात्रा के पिता ने रची साजिश, तीन युवकों को फंसाने की कोशिश

# दिल्ली में फर्जी एसिड अटैक की कहानी का सच

**समर न्यूज़ | दिल्ली**

दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक छात्रा पर हुआ कथित एसिड अटैक मामला अब झूठा साबित हुआ है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि यह पूरी घटनाक्रम खुद छात्रा के पिता अकील खान की सुनियोजित चाल थी। उसने तीन युवकों को गलत आरोपों में फंसाने के लिए यह योजना बनाई। अधिकारियों के मुताबिक हमले में एसिड नहीं बल्कि टॉयलेट क्लीनर का इस्तेमाल किया गया था। 20 वर्षीय छात्रा, जो डीयू के लक्ष्मीबाई कॉलेज में पढ़ती है, उसने शिकायत दी थी कि 26 अक्टूबर की सुबह अशोक विहार इलाके में उसके कॉलेज जाते वक्त जितेंद्र, ईशान, अरमान नाम के युवकों ने उस पर एसिड फेंका और मौके से फरार हो गए। उसने दावा किया था कि जितेंद्र काफी समय से उसका पीछा करता था और इसी वजह से पहले भी तीखी नोकझोंक हो चुकी है। **▪ जांच में कहानी हुई ध्वस्त...**
पुलिस ने घटनास्थल पर सीसीटीवी, कॉल डिटेल्स और लोकेशन की मदद से जांच शुरू की। नतीजे चौंकाने वाले थे—
**▪ CCTV फुटेज में कहीं भी हमले जैसा दृश्य नहीं...**
निर्दिष्ट समय पर जितेंद्र अपनी पत्नी के साथ करोलबाग में मौजूद
बाइक भी करोलबाग से बरामद
लड़की के बैग और कपड़ों पर किसी तेजाब का कोई निशान नहीं
पुलिस के अनुसार छात्रा अपने भाई के साथ स्कूटर पर अशोक विहार तक आई और फिर ई-रिक्शा लिया, जबकि कॉलेज केवल 300 मीटर दूर था। इस दूरी को लेकर भी सवाल खड़े हुए।
**▪ अकील के खिलाफ रेप केस का एंगल...** तफ्तीश में सामने आया कि आरोपी बनाए गए जितेंद्र की पत्नी ने अकील खान पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा रखा है। पुलिस को शक है कि यह वही विवाद था, जिसके चलते जितेंद्र और उसके साथियों को फंसाने की कोशिश की गई। जांच के दौरान पता चला कि ईशान और अरमान घटना के दिन आगरा में थे।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### युद्ध और पलायन के बीच भी हरजीत ने मिट्टी व मज़हबी विरासत को नहीं छोड़ा

# तालिबान की निगरानी में ये है 'अफगानिस्तान का आख़िरी सिख'

**समर न्यूज़ | गजनी**

किसी मुल्क की पहचान वहाँ की इमारतों से नहीं, उन लोगों से होती है, जो सब छोड़कर भी उसकी मिट्टी से मोह नहीं छोड़ते हरजीत सिंह उस मोह का नाम है। अफगानिस्तान के गज़नी शहर में रहने वाले हरजीत सिंह को भारतीय व्लॉगर पुलकित चौधरी ने इंस्टाग्राम पर thetalltrotter में अपने कैमरे पर कैप्चर किया। पुलकित ने उन्हें "अफगानिस्तान का आख़िरी सिख" बताया।
एक ऐसा व्यक्ति जिसने तमाम संघर्षों, युद्धों और पलायन के बीच भी अपनी मिट्टी और मज़हबी विरासत को पीछे छोड़ने से इंकार कर दिया है। कभी अफगानिस्तान में हज़ारों सिख रहते थे, लेकिन



दहशतगर्दी, असुरक्षा और उत्पीड़न के कारण लगभग सभी देश छोड़कर चले गए। मगर हरजीत आज भी वहीं डटे हैं।

**▪ पहली मुलाकात- डर, संदेह और फिर एक मुस्कान...**
पुलकित ने बताया कि जब वह पहली बार मिले, हरजीत ने वीडियो बनाने से मना कर दिया। क्योंकि—"जिंदगी में बहुत कुछ देख लिया है अकेला हूँ डर लगता है।" फिर जब उन्हें यकीन हुआ कि पुलकित भारत से ही आए हैं, तो मुस्कुराकर बोले—"रिकॉर्ड करो, दुनिया को मेरी कहानी पता चलनी चाहिए।"

**▪ मेरी तो पैदाइश यहीं की है...**
बातों में हरजीत बताते हैं—"मेरी पैदाइश यहीं की है। सुल्तान महमूद के समय से हम यहीं हैं।' वह कहते हैं कि अफगानिस्तान में अब सिर्फ दो सिख बचे हैं — एक वह खुद, और दूसरा अस्थायी रूप से भारत गया हुआ है। 2016–18 के बाद से सिख आबादी लगभग ख़त्म हो गई। कई लोग अब अपना कारोबार तो अफगानिस्तान में ही रखते हैं, पर रहते भारत में हैं। हरजीत साफ़ कहते हैं—"तालिबान से अब कोई परेशानी नहीं है अपना काम-धंधा चलता है।"

**▪ अकेले होने के बावजूद दूसरों के लिए दरवाज़ा खुला...**
रुख़सत होते-होते वह पुलकित से पूछते हैं- "आपको किसी मदद की ज़रूरत है?" एक अकेला इंसान फिर भी मददगार दिल - यही उनकी पहचान है।

**▪ दिल को छू लेने वाली डॉक्यूमेंट्री...**पुलकित ने अपने वीडियो के कैप्शन में लिखा-"यह कहानी सिर्फ़ धर्म की नहीं हिम्मत, तन्हाई और उम्मीद की है।" "जब पूरी दुनिया बदल जाए, तब भी अपनी पहचान और वतन को थामे रहना क्या होता है — हरजीत से बेहतर कोई नहीं समझा सकता।"

**▪ अफगान सिखों से मुलाकात...**
हाल ही में नई दिल्ली में अफगान सिख व हिंदू प्रतिनिधियों ने तालिबान के विदेश मंत्री से मुलाकात की। वादा किया गया कि— उनकी सम्पत्ति लौटाई जाएगी। गुरुद्वारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पर हकीकत तो वही है कि एक व्यक्ति अकेला खड़ा है अपनी मिट्टी की आख़िरी चौकी संभालते हुए।


द SUMMER न्यूज़

Summer News पंजाब
The Summer News दिल्ली
The Summer News हरियाणा
The Summer News राजस्थान
The Summer News हिमाचल
Summer News भारत
Summer News Sports
Summer News धार्मिक
Summer PollyBolly
Summer News लुधियाणा

# पंजाब में पहली बार पुलिस कर्मियों की संख्या एक लाख के पार होगी : मुख्यमंत्री

## » जांच अधिकारियों के लिए छह दिवसीय प्रमाणित इन्वेस्टिगेटर कोर्स की शुरुआत, नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए जनता का सहयोग बेहद आवश्यक

**समर न्यूज़ | पटियाला**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज यहां कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से बनाए रखने के लिए पंजाब पुलिस में कर्मियों की संख्या पहली बार एक लाख के आंकड़े को पार करेगी, क्योंकि राज्य सरकार ने एक बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान शुरू किया है।

पंजाब पुलिस के जांच अधिकारियों के लिए छह दिवसीय प्रमाणित इन्वेस्टिगेटर कोर्स की शुरुआत के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2000 में पंजाब पुलिस की संख्या 80,000 थी, जो आज भी लगभग उतनी ही है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य के बावजूद कि पंजाब पुलिस को जिन चुनौतियों और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उनमें कई गुना वृद्धि हुई है, पिछली सरकारों ने इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब पुलिस में कर्मियों की संख्या जल्द ही एक लाख के आंकड़े को पार कर जाएगी, क्योंकि राज्य सरकार पहले ही बड़े स्तर पर भर्ती अभियान चला रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शुरू की गई इस नई और महत्वपूर्ण पहल के तहत कुल 730 जांच अधिकारी इस छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करों और स्मगलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने संबंधी विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि नई और उन्नत तकनीकें अपनाने वाले अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब तस्करों को गिरफ्तार किया जाता था, तो वे अक्सर कानूनी खामियों का फायदा उठाकर सजा से बच निकलते थे। उन्होंने कहा कि पहले राजनीतिक हस्तक्षेप भी काफी अधिक होता था, जिससे तस्करों को रिहा होने में मदद मिलती थी, लेकिन अब इस तरह के किसी भी राजनीतिक हस्तक्षेप को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के साथ निकट समन्वय बनाए हुए है और आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने से कई कानूनी प्रक्रियाओं में बदलाव आया है, जिससे यह प्रशिक्षण और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सबूतों की सुरक्षा और विकसित हो रहे कानूनी ढांचे के साथ अपडेट रहना अधिकारियों की अनिवार्य जिम्मेदारियां हैं, जिसके लिए उन्हें नई तकनीकों से लैस होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भले ही जांच अधिकारी अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभाते हैं, लेकिन कई बार आरोपी कानूनी ढील का फायदा उठाकर सजा से बच जाते हैं और दोष पुलिस पर आ जाता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पुलिस को अपराधियों और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की पूरी छूट दी गई है और किसी को भी



कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम ने पहले ही नशे की कमर तोड़ दी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि नशों के खिलाफ इस जंग के लिए बड़ी जनलहर खड़ी करने की आवश्यकता है, जिसके लिए नागरिकों को पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में आने के दिन से ही उनकी सरकार ने पंजाब में पुलिस के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि सीमा पार से नशों की तस्करी के लिए ड्रोन के उपयोग को देखते हुए एक उन्नत एंटी-ड्रोन सिस्टम शुरू किया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि नशों के खिलाफ हमारी लड़ाई के हिस्से के रूप में युवाओं को रोजगार, खेलों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करना बेहद जरूरी है, जिसके लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खाली दिमाग शैतान का घर होता है, जबकि जो लोग उपयोगी कार्यों में व्यस्त रहते हैं, वे गलत संगत में नहीं पड़ते। उन्होंने बताया कि निजी नशा मुक्ति केंद्रों की सख्त निगरानी सुनिश्चित करने और पुनर्वास केंद्रों में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए आज कैबिनेट द्वारा एक नया कानून पारित किया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जांच अधिकारियों को नया और ठोस अनुभव मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कोर्स के तहत सुपरवाइजरी और जांच अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत नशे से संबंधित मामलों से निपटने के लिए पेशेवर दक्षता प्रदान की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नशा तस्कर कानून के शिकंजे से बच न सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों को नशे से संबंधित अपराधों की प्रभावी जांच के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं, कानूनी पहलुओं और तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में पुलिस अधिकारियों के 27 बैच यह प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अधिकारी नशा तस्करों के खिलाफ केस तैयार करने और अदालत में मुकदमा चलाने संबंधी विशेष कौशल हासिल करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अपराधियों को उचित सजा मिले। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को नशा सेवन से पीड़ित व्यक्तियों में व्यवहारिक परिवर्तन पहचानने, तस्करों की मानसिकता समझने और नशे के दुरुपयोग से जुड़े अपराधों के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने की शिक्षा दी जाएगी। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि यह प्रशिक्षण अधिकारियों को उन्नत पेशेवर कौशलों से लैस करेगा, जिससे उन्हें नशे से संबंधित अपराधों में शामिल अपराधियों को सजा दिलाने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और अन्य उपस्थित थे।

# स्कूल वैन के नीचे कुत्ता आने पर युवकों ने बुजुर्ग ड्राइवर पिटा

## » जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी : डीएसपी



**दीपक कुमार | माछीवाड़ा साहिब**
**समर न्यूज़**

माछीवाड़ा साहिब के पास एक निजी स्कूल वैन स्कूली बच्चों को ले जा रही थी, जिसकी चपेट में आने से एक कुत्ते की मौत हो गई। जिससे गुस्साए परिवार के युवकों ने बुजुर्ग ड्राइवर की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घायल बुजुर्ग बस ड्राइवर दीदार सिंह अस्पताल में भर्ती है, जिसके कारण वह बयान भी नहीं दे पा रहा है। बस में मौजूद उसके परिजनों और कंडक्टर गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वे हर दिन की तरह स्कूल वैन में बच्चों को लेने जा रहे थे, तभी रास्ते में गांव माछीवाड़ा खाम के पास अचानक एक कुत्ता वैन के सामने आ गया। बस ड्राइवर दीदार सिंह ने कुत्ते को बचाने की कोशिश की और अगर वह तुरंत ब्रेक लगा देता, तो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो सकते थे। इस हादसे में वैन के नीचे आने से कुत्ते की मौत हो गई। कंडक्टर के अनुसार, जब वह अगले गाँव से बच्चों को वैन में बिठा रहा था, तभी तीन युवक आए और बस को घेर लिया युवकों ने वैन की चाबी छीन ली और बुजुर्ग ड्राइवर को नीचे उतारकर बुरी तरह पीटा। अस्पताल में उपचाराधीन बुजुर्ग दीदार सिंह का बेहोशी की हालत में पड़ा था, जिससे साफ पता चल रहा था कि उस की बेरहमी से पिटाई की गई है। पीड़ित ड्राइवर के परिजनों का आरोप है कि बुजुर्ग की पिटाई के दौरान उनकी पगड़ी भी उतार दी गई, जो वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए कथित दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। बुजुर्ग की पिटाई करते युवकों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में बुजुर्ग को पकड़कर पीटा जा रहा है, जो छोड़ने की गुहार लगा रहा है। उधर दूसरी पार्टी के सौरव ने कहा कि उसकी बहन सुबह कुत्ते को घुमा रही थी तभी तेज रफ्तार आती स्कूल वैन ने कुत्ते को कुचल दिया। सौरव ने बताया कि जब ड्राइवर को रोकने की कोशिश की तो उसने वैन के अंदर पड़ी लोहे की रॉड मेरे सिर पर मार दी और वह वहां रुका तक नहीं।

**दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगीः** बुजुर्ग ड्राइवर की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर डीएसपी समराला तरलोचन सिंह ने कहा कि वीडियो देखने के बाद उन्होंने माछीवाड़ा थाना प्रमुख को इस मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन सीधे तौर पर जांच कर रहा है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पंजाब सरकार ने उद्योग और व्यापार के लिए बड़ी राहत की घोषणा की: संजीव अरोड़ा

## » ईकुटेबल मॉर्गेज पर पंजीकरण शुल्क 1 लाख रुपए से घटाकर 1,000 रुपए किया

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज यहां बताया कि पंजाब सरकार ने जनवरी 2025 में सभी इक्विटेबल मॉर्गेज (जहां जमीन को कोलेटरल के रूप में दिया जाता है) और अचल संपत्ति के गिरवीनामों यानी बैंक ऋणों के विरुद्ध कोलेटरल के रूप में रखे गए स्टॉक पर ऋण राशि का 0.25% स्टांप शुल्क और इक्विटेबल मॉर्गेज की रजिस्ट्री पर 1 लाख रुपये तक की सीमा के साथ अतिरिक्त 0.25% स्टांप शुल्क लागू किया था। मीडिया को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि पंजाब सरकार का राजस्व प्रदर्शन अच्छा रहा है। हालांकि, सीआईआई, पीएचडीसीसीआई, एपीएक्स चैंबर, सीआईसीयू, एफआईसीओ और एसएलबीसी जैसी कई औद्योगिक



संस्थाओं ने इस व्यवस्था में दोहरे कर जैसे मुद्दों को उजागर किया था, क्योंकि अधिकांश औद्योगिक ऋणों में इक्विटेबल मॉर्गेज के साथ-साथ अचल संपत्ति का गिरवीनामा भी शामिल होता था।

अब तक किसी भी ऋणग्राही को इक्विटेबल मॉर्गेज पर 0.25% शुल्क, गिरवी रखने पर 0.25% शुल्क, और रजिस्ट्री (सीमित) पर 0.25% शुल्क देना पड़ता था, जो कुल मिलाकर लगभग 0.65% की दर से होता था। यह राज्य के 14 लाख से अधिक पंजीकृत एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों) के लिए विशेष रूप से एक बड़ा बोझ था, क्योंकि ये उद्यम सबसे अधिक रोजगार उत्पन्न करते हैं, जबकि यह अतिरिक्त खर्च उनके विकास और विस्तार में बाधा डाल रहे थे।

अधिक विवरण साझा करते हुए श्री अरोड़ा ने बताया कि पंजाब सरकार ने इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नोटिफाइड दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब कुल ऋण राशि पर, जिसमें इक्विटेबल मॉर्गेज और गिरवी दोनों शामिल होंगे, केवल 0.25% स्टांप ड्यूटी ही ली जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 5,00,000 रुपए (केवल पांच लाख रुपये) होगी। साथ ही इक्विटेबल मॉर्गेज पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 1,00,000 रुपए से घटाकर मात्र 1,000 रुपए कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट के इस निर्णय के अनुसार भारतीय स्टांप अधिनियम (पंजाब संशोधन) में संशोधन लाने के लिए विधानसभा में एक विधेयक पेश किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह संशोधन पंजाब को देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों की श्रेणी में खड़ा करेगा और राज्य में व्यापार–अनुकूल माहौल का परिचायक होगा। इससे पंजाब बड़े निवेशों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी बनेगा, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में बड़ा सुधार आएगा, और राज्य में क्रेडिट उपलब्धता व प्राप्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके परिणामस्वरूप निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास में भी व्यापक बढ़ोतरी होगी।

इस निर्णय के साथ, पंजाब अब इस श्रेणी में खर्चों के मामले में हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे अन्य राज्यों से बेहतर स्थिति में आ गया है।

## » साजिश के तहत पंजाब को बदनाम करती है भाजपा

# पंजाब में अब तक पराली जलाने के मामलों में आई रिकॉर्ड कमी : मुख्यमंत्री

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि कई राजनीतिक दल भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों की विशेष जांच (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की प्रक्रिया पर आपत्ति जता रहे हैं, इसलिए इस संवैधानिक संस्था को इस मुद्दे पर बनी उलझन वाली स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग की कार्रवाइयों खासकर "एस.आई.आर." से ऐसा नहीं लगना चाहिए कि वह वोट चोरी के उद्देश्य से लोकतंत्र की आवाज़ को दबा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को मूक दर्शक बने रहने की बजाय विपक्षी दलों की आपत्तियों पर ध्यान देना चाहिए और इन पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि चुनाव आयोग का दायित्व बनता है कि वह सभी राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब दे, ताकि लोकतंत्र में जनता का विश्वास और मजबूत हो।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के लिए पंजाब को पराली जलाने के नाम पर योजनाबद्ध साजिश के तहत बदनाम किया जा रहा है, जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनाज मंडियों में अभी लगभग 90 लाख मीट्रिक टन (एल.एम.टी.) फसल पहुंचनी बाकी है, इसलिए राज्य में पराली जलाने का सवाल ही नहीं उठता।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण के लिए पंजाब को जिम्मेदार ठहराने वाले भूल जाते हैं कि हरियाणा राज्य पंजाब और राष्ट्रीय राजधानी के बीच स्थित है, फिर भी इस मुद्दे के लिए हरियाणा को कभी दोषी नहीं ठहराया जाता।

मुख्यमंत्री ने नेताओं से स्पष्ट रूप से पूछा कि जब पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं सामने नहीं आई हैं, तो फिर दिल्ली का ए.क्यू.आई. इन दिनों इतना खराब क्यों है? केंद्र सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए कोई विकल्प भी नहीं दिया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्धविराम सुनिश्चित कर सकते हैं, लेकिन कई राज्यों से जुड़े इस बड़े मुद्दे की उन्हें कोई चिंता नहीं। उन्होंने अफसोस जताया कि बाढ़ की तबाही के बावजूद, पंजाब ने राष्ट्रीय पूल में 170 लाख मीट्रिक टन धान का योगदान दिया, फिर भी केंद्र को राज्य की कोई परवाह नहीं।

मुख्यमंत्री ने इस गंभीर संकट की घड़ी में राज्य के साथ सौतेला व्यवहार करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि राज्य को बाढ़ राहत के लिए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1600 करोड़ रुपये अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं, और केंद्र सरकार इस मुआवजे की राशि में से अन्य चल रही योजनाओं के फंड को एडजस्ट करने की कोशिश कर रही है, जिससे पंजाब की स्थिति और खराब हो रही है।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि केंद्र सरकार को पंजाब राज्य, जो देश का अन्न भंडार और रक्षा की भुजा है, के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कई प्रयासों के बावजूद वे प्रधानमंत्री से नहीं मिल सके क्योंकि वे बिहार के चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रधानमंत्री बिहार में व्यस्त हैं, फिर भी वे स्वयं चुनावी राज्य में जाकर उनसे मिलने के लिए तैयार हैं ताकि पंजाब राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दों को उनके सामने रख सकें।

# पुलिस ने 10.6 किलो हेरोइन सहित 58 नशा तस्कर किए गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर राज्य को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 241वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 311 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 48 एफआईआर दर्ज की गईं और 58 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, पिछले 241 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 34,362 हो गई है।

इन छापों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए तस्करों के कब्जे से 10.6 किलो हेरोइन और 1 किलो गांजा बरामद किया गया। यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपी को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के सख्त निर्देश दिए हैं। नशा विरोधी इस जंग की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी गठित



एडीजीपी अर्पित शुक्ला

की है। इस अभियान के दौरान 60 गजटेड अधिकारियों की देखरेख में 900 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने 311 स्थानों पर छापेमारी की। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 331 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशे का सफाया करने के लिए तीन-स्तरीय रणनीति प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट), नशा छुड़ाव (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) लागू की है। इसी रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 33 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए तैयार किया है।



वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा वेटरनरी स्टूडेंट्स यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान मांगों के समाधान का आश्वासन देते हुए।

# सरहद पार से चल रहे ड्रग कार्टेल से जुड़ा एक गुर्गा फिरोज़पुर से 5 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान काउंटर इंटेलिजेंस फिरोज़पुर ने सरहद पार से संचालित ड्रग कार्टेल का पर्दाफाश करते हुए उसके एक गुर्गे को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से 5 किलो हेरोइन बरामद की है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ़ गोरा निवासी गांव




हबीब, फिरोज़पुर के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने 5 किलो हेरोइन बरामद करने के साथ-साथ उसका हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (पीबी-05-एयू-0504), जिस पर वह सवार था, को भी जब्त कर लिया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह खेप पाकिस्तान-आधारित तस्करों द्वारा सरहद पार से भेजी गई थी।


उन्होंने कहा कि इस मामले में जुड़े अन्य संबंधों का पता लगाने और पूरे नेटवर्क को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है। एआईजी सीआई फिरोज़पुर गुरसेवक सिंह बराड़ ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर सीआई फिरोज़पुर की पुलिस टीम ने फिरोज़पुर क्षेत्र में कार्रवाई की और संदिग्ध गुरप्रीत उर्फ़ गोरा को लिंक रोड बस्ती खुशहाल सिंह वाला, गांव हसन धूत, फिरोज़पुर से गिरफ्तार किया।

एआईजी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान-आधारित तस्कर के निर्देशों पर यह खेप स्थानीय तस्कर को सप्लाई करने जा रहा था। उन्होंने आगे बताया कि स्थानीय तस्कर की पहचान और पाक-आधारित तस्कर की भूमिका सहित इस व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। इस संबंध में थाना एसएसओसी फाज़िल्का में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) के तहत एफआईआर नंबर 17, दिनांक 28-10-2025 को दर्ज की गई है।

# एमपी के सीएम को यादगारी समारोहों में शामिल होने के लिए दिया निमंत्रण

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर देशभर के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करने की मुख्य मंत्री स भगवंत सिंह मान की पहल के तहत पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर तथा स्वतंत्रता सेनानी, रक्षा सेवाएं कल्याण एवं बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर उन्हें अगले महीने श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले मुख्य समारोहों में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। कैबिनेट मंत्रियों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी की धर्म, सत्य और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए दी गई अद्वितीय शहादत की स्मृति में राज्यभर में आयोजित किए जा रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य आयोजन 23 से 25 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब में होंगे। पंजाब सरकार ने नौवें गुरु साहिब के 350वें शहीदी दिवस संबंधी आयोजनों के लिए देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को व्यक्तिगत निमंत्रण देने की जिम्मेदारी अपने कैबिनेट मंत्रियों को सौंपी है। पंजाब के मंत्री विभिन्न राज्यों में जाकर मुख्यमंत्री की ओर से यह आमंत्रण दे रहे हैं, ताकि देश के हर कोने से प्रमुख राजनीतिक नेता और विशिष्ट व्यक्ति गुरु साहिब की अमर विरासत को समर्पित इन



कार्यक्रमों में शामिल हो सकें। एक महीने तक चलने वाले इन आयोजनों की शुरुआत दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ हो चुकी है। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत पंजाब भर के पवित्र स्थलों पर लाइट एंड साउंड शो, कीर्तन दरबार और धार्मिक सभाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त चार पवित्र स्थलों श्रीनगर, गुरदासपुर, फरीदकोट और तख्त श्री दामदमा साहिब (तलवंडी साबो) से नगर कीर्तन यात्राएं प्रारंभ होंगी, जिनका समापन 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में होगा। मुख्य समारोहों में सर्वधर्म सम्मेलन, पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र और विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा।

# अंग्रेजी में सुधार लाने के लिए पंजाब सरकार ने 'द इंग्लिश एज' कार्यक्रम किया शुरू

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

राज्य के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, पंजाब के शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने आज आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रभारी श्री मनीष सिसोदिया के साथ मिलकर "द इंग्लिश एज लर्न स्मार्ट, स्पीक शार्प" कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसके अंतर्गत सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय अंग्रेज़ी संचार कौशल से लैस किया जाएगा। बैंस ने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभिनव कार्यक्रम वर्तमान में पंजाब के 500 सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 3 लाख विद्यार्थियों



के लिए शुरू किया गया है।

इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ अंग्रेज़ी में बोलने, पढ़ने और सोचने की क्षमता विकसित करना है, जिससे उनकी रोजगार योग्यता और वैश्विक स्तर पर पहुँच को बढ़ावा मिल सके। हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि यह कार्यक्रम स्कूलों में डिजिटल रीडिंग को घर पर बोलने के अभ्यास से जोड़ता है। गाइडेड रीडिंग, उच्चारण सहयोग और प्रतिदिन 10-10 मिनट के अभ्यास सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी भाषा को समझने और बोलने की प्रवाहशीलता में सुधार लाने में मदद मिलेगी। यह कार्यक्रम कक्षा शिक्षण को डिजिटल तकनीक से जोड़ता है ताकि अंग्रेज़ी सीखना अधिक आनंददायक, समावेशी और व्यावहारिक बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि यह पहल पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इंग्लिश हेल्पर नामक एक वैश्विक एड-टेक संस्था के सहयोग से लागू की जा रही है, जिसने भारत के कई राज्यों में अंग्रेज़ी दक्षता और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रत्येक बच्चे को अंग्रेज़ी में आत्मविश्वास से बोलने का साहस देगा। यह केवल भाषा कौशल से जुड़ा नहीं है, बल्कि पंजाब के उज्ज्वल भविष्य की नई राहें खोलने का प्रतीक भी है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सरकारी स्कूलों के हर विद्यार्थी को वैश्विक सफलता प्राप्त करने के लिए समान आत्मविश्वास और योग्यता प्रदान की जाए। पंजाब सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए श्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि टैगलाइन "लर्न स्मार्ट, स्पीक शार्प" कार्यक्रम के उस दृष्टिकोण को दर्शाती है जो विद्यार्थियों को बदलती दुनिया के साथ विकसित होने, स्वतंत्र रूप से सोचने और जीवन के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ संवाद करने में सक्षम बनाती है।

# सिडनी में शो में विवाद: कड़ा की वजह से सिखों को एंट्री नहीं, नाराज हो लौटे

**समर न्यूज़ | सिडनी**



ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में पंजाबी गायक-एक्टर दिलजीत दोसांझ के पहले स्टेडियम कॉन्सर्ट में धार्मिक कड़ा और किरपान को लेकर विवाद खड़ा हो गया। हजारों प्रशंसकों से भरे इस संगीत कार्यक्रम में किरपान पहने सिख दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश नहीं करने दिया गया। यह शो पश्चिमी सिडनी के पैरामाटा स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां लगभग 25,000 दर्शकों ने हिस्सा लिया। अधिकतर दर्शक पंजाबी और सिख समुदाय से थे। स्टेडियम की सुरक्षा टीम ने स्पष्ट किया कि किरपान को हथियार की श्रेणी में माना जाता है, इसलिए इसे अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। जब कुछ दर्शकों ने इसका विरोध किया, तो सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें परिसर से बाहर कर दिया। इससे कई सिख दर्शक निराश होकर बिना शो देखे ही वापस लौट गए, जबकि वे दिलजीत को लाइव देखने के लिए काफी उत्साहित थे।

**▪ 11,000 की टिकट, फिर भी नहीं मिली एंट्री...**

सिडनी निवासी एक सिख दंपती ने बताया कि उन्होंने शो की टिकटें 200 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 11,000) प्रति व्यक्ति के हिसाब से खरीदी थीं। रीढ़ की हड्डी की चोट से परेशान होने के बावजूद उनके पति शो देखने पहुंचे। लेकिन मेटल डिटेक्टर जांच के दौरान उनकी किरपान सामने आ गई। सुरक्षा कर्मियों ने उनसे कहा कि वे इसे एक बॉक्स में जमा करें और शो के बाद वापस ले जाएं। उनके पति को यह धार्मिक अपमान लगा और वे शो में प्रवेश किए बिना ही लौट आए। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका था जब किरपान की वजह से मुझे रोका गया। हम कई पब्लिक प्लेसेस, फुटबॉल मैच और स्कूलों में भी किरपान लेकर गए हैं। कभी कोई दिक्कत नहीं हुई। लेकिन दिलजीत दोसांझ जैसे सिख कलाकार के शो में ऐसा होना बेहद निराशाजनक है।

**▪ कोई रिफंड या माफी नहीं मिली...**

उन्होंने बताया कि आयोजनकर्ताओं ने न तो रिफंड दिया और न ही कोई आधिकारिक सूचना जारी की। उन्होंने कहा कि किसी ने हमसे संपर्क नहीं किया। हम रात 8 बजे तक इंतजार करते रहे और फिर खुद ही वापस आ गए।

**▪ सिख समुदाय में रोष, आयोजकों पर सवाल...** *कई लोगों का कहना है कि सिडनी में विभिन्न कार्यक्रमों और समारोहों में किरपान ले जाने की अनुमति रहती है। इस कॉन्सर्ट में इसे रोकना धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। एक सिख कलाकार के शो में यह स्थिति और अधिक पीड़ादायक हो गई। कुछ दर्शकों ने इस घटना को ऑर्गेनाइज़ेशन की बड़ी चूक बताया है। वहीं, सोशल मीडिया पर भी इस मामले को लेकर बहस जारी है और सिख समुदाय प्रतिक्रिया की मांग कर रहा है।*

## हाईकोर्ट की बड़ी कार्रवाई

# पंजाब के डीजीपी समेत चार की सैलरी में कटौती

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए पंजाब के डीजीपी गौरव यादव, परिवहन विभाग के सचिव प्रदीप कुमार सहित चार अधिकारियों की सैलरी में कटौती का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी अधिकारियों के वेतन से 50-50 हजार रुपये (कुल 2 लाख रुपये) काटकर मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। जिन अधिकारियों पर यह कार्रवाई लागू होगी, उनमें गौरव यादव डीजीपी पंजाब, प्रदीप कुमार सचिव परिवहन, मनीष कुमार स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर और जतिंदर जोरवाल संगरूर के डिप्टी कमिश्नर शामिल हैं।

**▪ पहले भी लगा था 1 लाख का जुर्माना...**

अदालत इससे पहले भी इन अधिकारियों पर 1 लाख का दंड लगा चुकी है और इसे जल्द जमा कराने व अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा गया था।

यह आदेश एक जनहित याचिका की सुनवाई से जुड़े निर्देशों का पालन न करने पर दिया गया। कोर्ट का कहना है कि अधिकारियों का रवैया न्यायालय के आदेशों की "लगातार और जानबूझकर अवहेलना" को दर्शाता है।

जस्टिस सुदीप्ति शर्मा ने शहीद भगत सिंह मिनी ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह कार्रवाई की। याचिका 20 सितंबर 2023 के उस आदेश से जुड़ी है, जिसमें मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के तहत गैरकानूनी रूप से संशोधित वाहनों के खिलाफ नियमित कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

**▪ कोर्ट ने दी कड़ी टिप्पणी...**

हाईकोर्ट ने कहा कि कई बार मौके देने के बावजूद अधिकारी संतोषजनक अनुपालन रिपोर्ट पेश नहीं कर सके। इसके अलावा, अधिकारियों ने 2 सितंबर 2025 को लगाए गए 1 लाख के जुर्माने को जमा कराने के बजाय आदेश में संशोधन व रद्द करने की दो अर्जियां दायर कर दीं।

कोर्ट ने इसे "न्यायिक प्रक्रिया की अवमानना और विरोधाभासी रुख" करार दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 नवंबर को निर्धारित की है।

# देर रात जगराओं पुल पर ट्रक-कार की टक्कर, कार के परखच्चे उड़े



हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त हुई कार।

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

जगराओं पुल पर सोमवार की देर रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में ट्रक और कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। गनीमत रहे कि हादसे में कोई घायल सामने नही आया। वही हादसे के बाद पुल पर कुछ देर के लिए लंबा जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज रफ्तार में जगराओं पुल की ओर आ रही थी, जबकि उसके आगे ट्रक जा रहा था। जहा अचानक से कार ट्रक के पिछले हिस्से में जा टकराई।

हादसे के दौरान कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह पिचक गया। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना डिवीजन नंबर 2 की पुलिस ने दोनो वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद पुल पर करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू करवाया।

## जीएसटी रिफंड से परेशान — सरकार की नीतियों से अटकी पूंजी, बैंकों के लोन में दबे व्यापारी

# फंड दोगुना, परेशानी भी दोगुनी- घटा टैक्स पर बढ़ी परेशानी

**साक्षी शर्मा/ लुधियाना| समर न्यूज़**

साइकिल इंडस्ट्री के कारोबारी जीएसटी रिफंड की देरी से परेशान हैं। केंद्र सरकार ने कुछ सामानों पर जीएसटी कम करने का ऐलान तो किया, लेकिन कारोबारी कहते हैं कि रिफंड की प्रक्रिया पहले से ज्यादा जटिल और समय लेने वाली हो गई है। लुधियाना, जो देश का साइकिल निर्माण हब माना जाता है, वहां के उद्योगपति कहते हैं कि सरकार की नीतियों के चलते उनकी पूंजी अटक रही है और कामकाज पर असर पड़ रहा है। साइकिल पार्ट्स पर जीएसटी 5% हुआ, लेकिन रिफंड की दर दोगुनी पहले साइकिल पार्ट्स पर जीएसटी 12% और स्टील पर 18% था। अब सरकार ने साइकिल पार्ट्स पर टैक्स घटाकर 5% कर दिया है, जबकि स्टील पर जीएसटी 18% ही रखा गया है। कारोबारियों के मुताबिक, अब सरकार की ओर से जीएसटी रिफंड 6% से बढ़कर 13% हो गया है।

इसका मतलब यह हुआ कि जिसने सरकार से पहले 50 हजार रुपए वापस लेने थे, अब उसे 1 लाख रुपए तक का रिफंड मिलना है। लेकिन दिक्कत यह है कि यह रकम आने में काफी समय लग रहा है। कारोबारी चाहते हैं कि रिफंड 15–20 दिन में मिले, जबकि फिलहाल इसमें 2 महीने या उससे ज्यादा समय लग रहा है।

## सरकार के पास पड़ा कारोबारियों का पैसा- उद्योग का दर्द



*▪ **अवतार सिंह भोगल,** जो लुधियाना के साइकिल पार्ट्स कारोबारी हैं, ने कहा कि रिफंड की समस्या बहुत बढ़ गई है। पहले साइकिल पार्ट्स पर 6% जीएसटी लगती थी, अब 12% हो गई है। ज्यादातर कारोबारी बैंक से लोन लेकर काम करते हैं। सरकार के पास हमारा पैसा अटका रहता है, जिस पर कोई ब्याज नहीं मिलता। अगर सरकार ने टैक्स घटाया है तो रिफंड की रफ्तार भी बढ़ानी चाहिए।*



*▪ **वर्ल्ड एमएसएमई फोरम के प्रधान बदीश जिंदल** ने कहा कि सरकार रिफंड को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। सरकार के पास पैसा पड़ा रहता है, जिस पर न ब्याज दिया जाता है, न कोई लाभ। इससे छोटे उद्योग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सरकार के लिए इस समस्या का हल करना कोई बड़ी बात नहीं है। केंद्र और पंजाब सरकार दोनों की ओर से ही इस कार्य को लेकर बढ़ावा दिया जाए रहा है।*



*▪ **विश्वकर्मा इंडस्ट्री के एमडी चरनजीत विश्वकर्मा** ने कहा कि जीएसटी में कटौती तो स्वागत योग्य कदम है, लेकिन रिफंड प्रक्रिया को लेकर सरकार को सख्त नियम बनाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने पहले वादा किया था कि 90% रिफंड तुरंत और 10% बाद में मिलेगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। सरकार से अनुरोध है कि इस ओर भी ध्यान दिया जाए।*

## त्रिनिदाद एंड टोबैगो में बनेगा अयोध्या जैसा भव्य राम मंदिर

# कैरेबियाई में साढ़े तीन लाख से अधिक रहते हैं हिंदू



**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

कैरेबियाई देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो अपनी राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण की तैयारी कर रहा है। हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति को कैरेबियाई क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। करीब पंद्रह लाख की आबादी वाले इस देश में साढ़े तीन लाख से अधिक हिंदू रहते हैं। यह अमेरिका महाद्वीप के उन कुछ देशों में से एक है जहां आज भी हिंदू धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं राष्ट्रीय जीवन में गहराई से जुड़ी हुई हैं। यही कारण है कि त्रिनिदाद एंड टोबैगो को लंबे समय से रामायण कंट्री के रूप में जाना जाता है।

देश के पब्लिक यूटिलिटीज मंत्री बैरी पदरथ ने हाल ही में धार्मिक नेताओं के साथ बैठक में इस परियोजना के प्रति सरकार के मजबूत समर्थन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सदियों से भारतीय परंपराएं यहां जीवित हैं और सरकार इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। एएनआई के अनुसार मंत्री ने बताया कि सरकार इस परियोजना को केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र के रूप में देख रही है।

**▪ अयोध्या नगरी का प्रस्ताव...**

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ राम मंदिर संगठन के संस्थापक प्रेम भंडारी ने प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के समक्ष अयोध्या नगरी स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य उन श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक केंद्र बनाना है जो भारत में अयोध्या नहीं जा पाते। इस प्रस्तावित केंद्र को एक मिनी अयोध्या के रूप में विकसित किया जाएगा।

**▪ राम लला की प्रतिकृति का अनावरण...**

मई 2025 में यहां अयोध्या के राम लला की प्रतिकृति का अनावरण किया गया था। इस अवसर पर दस हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए थे। यह आयोजन प्रेम भंडारी और अयोध्या श्रीराम ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष अमित आलाघ के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ।

**▪ द्वीपों पर हैं 300 से अधिक मंदिर...**

त्रिनिदाद और टोबैगो में हिंदू संस्कृति की जड़ें 1845 से 1917 के बीच की हैं। इसी दौरान ब्रिटिश शासन के तहत लगभग 134,000 भारतीय मजदूरों को, जिनमें ज्यादातर उत्तर प्रदेश और बिहार से थे, त्रिनिदाद ले जाया गया था। तब से यहां हिंदू रीति-रिवाज और परंपराएं संजोई गई हैं। दिवाली और होली सहित सभी हिंदू त्योहार पूरे उत्साह से मनाए जाते हैं। द्वीपों पर 300 से अधिक मंदिर हैं। यह कैरिबियाई देश एक हिंदू अल्पसंख्यक वाला देश है और अमेरिका के उन कुछ देशों में से एक है जहां हिंदू त्योहारों को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।

## जन्मदिन मुबारक



**समायरा**
**पिता : सुरिंदर**
**माता : किरन**
**वासी : मोहाली**

*शादी की वर्षगांठ, नवविवाहित जोड़ा या बच्चे के जन्मदिन की फोटो छपवाने के लिए इस नंबर 7986630191 पर भेजें। फोटो भेजते वक्त नाम, उम्र और पता जरूर लिखें। ये सभी फोटो मुफ्त प्रकाशित होंगी।*

## ▪ नानक नगर में अवैध कब्जों पर तहबाजारी विभाग की कार्रवाई

# समर एक्सप्रेस की खबर का असर, कई दुकानदारों का माल जब्त- विधायक बोले, पार्क होगा सुंदर

**लक्की मेहता,लुधियाना समर न्यूज़**



नानक नगर वार्ड नंबर 87 में लगे कूड़े के कंपेक्टर के पास सोमवार को समर एक्सप्रेस में प्रकाशित ख़बर का बड़ा असर देखने को मिला। तहबाजारी विभाग ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और सड़क पर कब्जा जमाए कुछ दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया, जबकि कुछ को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। तहबाजारी इंस्पेक्टर विपन हांडा ने बताया कि विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जो भी शरारती तत्व सड़क पर दोबारा कब्जा करने की कोशिश करेगा, उसके खिलाफ सख्त विभागीय कदम उठाए जाएंगे। मोहल्ला प्रधान संजीव ठाकुर ने कहा कि कूड़े के कंपेक्टर के बाहर पड़े कचरे को भी नियमित रूप से उठाया जाए ताकि राहगीरों को परेशानी न हो। साथ ही बाहर खड़ी रेहड़ियों को कंपेक्टर के अंदर लगाने की व्यवस्था की जाए, जिससे मुख्य मार्ग पर यातायात सुचारू बना रहे। नार्थ हल्का विधायक चौधरी मदन ने कहा कि मोहल्लावासियों को किसी भी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

## समर स्पेशल — इलीट वर्ल्ड रिकॉर्डर्स में दर्ज हुआ नाम, 14.47 सेकंड तक वजन उठाकर वीडियो भेजा

# इस लुधियानवी ने कान से उठाया 84.5 किलो वजन, दुनिया में पहला रिकॉर्ड

**समर न्यूज़ |लुधियाना**




पंजाब के लुधियाना का एक युवा ऐसा कारनामा कर गया है, जिसकी कल्पना भी करना मुश्किल है। अमरीक सिंह नाम के इस युवक ने अपने एक कान से 84.580 किलोग्राम वजन उठाकर इतिहास रच दिया। इसी उपलब्धि के साथ उनका नाम eliteworldrecords में दर्ज कर लिया गया है। खास बात यह है कि दुनिया में पहली बार किसी व्यक्ति ने अपने कान के सहारे इतना भारी वजन उठाया है।

अमरीक सिंह बताते हैं कि यह मुकाम उन्होंने सात साल की अथक मेहनत और लगन के बल पर पाया है। वे पेशे से एक प्रॉपर्टी डीलर हैं। वह याद करते हैं कि जब उन्होंने कान से वजन उठाने की शुरुआत की थी, तब बहुत से लोग उनका मजाक उड़ाते थे और उन्हें "पागल" कहते थे। लेकिन आज वही लोग उनके जज़्बे और सफलता की सराहना कर रहे हैं।

अमरीक अपनी इस जीत को अपने दिवंगत पिता बलजिंदर सिंह को समर्पित करते हैं। वे कहते हैं —"पिताजी हमेशा कहते थे कि अगर तुम लोगों की परवाह करोगे, तो कभी जिंदगी में सफलता नहीं पा सकोगे।" अपनी ट्रेनिंग के दौरान जब उनके कान की शक्ति बढ़ने लगी तो उन्होंने कार और छोटे हाथी वाहन को भी कान से खींचकर लोगों को चौंका दिया। कई खेल आयोजनों में उन्हें बुलाया जाने लगा, जहां वे दर्शकों के सामने अपने अनूठे हुनर का प्रदर्शन कर सबको हैरत में डाल देते थे। साल 2018 में एक दिन उन्होंने टीवी पर गिनीज रिकॉड्र्स के बारे में देखा। जानकारी करने पर पता चला कि कान से वजन उठाने का कोई रिकॉर्ड मौजूद ही नहीं था। तब उन्होंने संकल्प लिया कि अगर रिकॉर्ड बनाना है तो ऐसा जो दुनिया के लिए चुनौतीपूर्ण हो।

इसके बाद उन्होंने अपनी प्रैक्टिस और कड़ी कर दी। जब वह 80 किलो से अधिक वजन कान से उठाने लगे, तो उन्होंने इलीट वर्ल्ड रिकॉर्डर्स टीम से संपर्क किया। उनकी मांग पर अमरीक ने 23 मई 2025 को एक कान से क्लैंप की मदद से 84.580 किलोग्राम वजन 14.47 सेकंड तक उठा कर वीडियो भेजा।

इस वीडियो को इलीट वर्ल्ड रिकॉर्डर्स टीम ने जांचा और फिर स्वयं मौके पर आकर सत्यापन किया। पुष्टि होने पर अमरीक सिंह को इलीट वर्ल्ड रिकॉर्डर्स का आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। अमरीक का यह कारनामा युवा वर्ग को यह संदेश देता है कि अगर निश्चय पक्का हो और मेहनत सच्ची - तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

# जापान ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार को नामांकित करेगा

**एजेंसी | टोक्यो**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को टोक्यो स्थित अकासाका पैलेस में जापान की नई प्रधानमंत्री साने तकाइची से मुलाकात की। ट्रम्प ने जापान को अमेरिका का "सबसे भरोसेमंद साझेदार" बताते हुए रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का आश्वासन दिया। हाल ही में पद संभालने वाली तकाइची जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं। बैठक के दौरान व्यापार और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया गया। तकाइची ने बताया कि जापान, अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर 250 चेरी ब्लॉसम वृक्ष उपहार में देगा। साथ ही, उनकी सरकार ट्रम्प को अगले वर्ष नोबेल शांति पुरस्कार के लिए आधिकारिक तौर पर नॉमिनेट करेगी। दोनों देशों ने रेयर अर्थ मिनरल्स और व्यापार निवेश से जुड़े दो महत्वपूर्ण समझौते किए। इसके तहत जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा, जबकि अमेरिका जापानी निर्यात पर 15% टैरिफ लगाने पर सहमत हुआ है। इसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना है। ट्रम्प ने जापान से रक्षा बजट बढ़ाने की अपनी मांग भी दोहराई। तकाइची पहले ही GDP का 2% रक्षा क्षेत्र में लगाने की घोषणा कर चुकी हैं। बातचीत में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को भी श्रद्धांजलि दी गई। जापान के बाद ट्रम्प दक्षिण कोरिया जाएंगे, जहाँ APEC शिखर सम्मेलन के दौरान उनकी मुलाकात चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से प्रस्तावित है। दोनों देश व्यापार तनाव खत्म करने की दिशा में समझौता तलाश रहे हैं।

# रिंग सेरेमनी में कार से जा रहा था परिवार, गन पॉइंट पर 4 बाइक सवार युवकों ने लूटी कार

## » बिना नंबर प्लेट की दो बाइकों पर सवार लुटेरों ने कार की चाबी मांगी और विरोध करने पर गन से डराया

**समर न्यूज़ | पिहोवा, कुरुक्षेत्र**

नेशनल हाईवे-152 डी पर सोमवार देर रात चार अज्ञात बाइक सवार युवकों ने गन प्वाइंट पर एक कार लूट ली। सूचना मिलते ही शहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पिहोवा निवासी हरप्रीत सिंह अपने दोस्तों के साथ अपनी बुआ के बेटे की रिंग सेरेमनी में शामिल होने गए थे। रात को वे किसी काम से कुरुक्षेत्र रोड बायपास की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान अंबाला की दिशा से बिना नंबर प्लेट की दो बाइकों पर सवार






घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित

चार युवक वहां पहुंचे। उन्होंने हरप्रीत से कार की चाबी मांगी और विरोध करने पर गन प्वाइंट पर धमकाकर जान से मारने की धमकी दी। डर के माहौल में हरप्रीत ने चाबी सौंप दी जिसके बाद दो युवक वरना कार लेकर फरार हो गए जबकि बाकी दो बाइक पर सवार होकर मौके से भाग निकले।

वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी कर दी और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

जांच अधिकारी ने बताया कि हाईवे के विभिन्न बिंदुओं पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली गई है जिससे आरोपियों की मूवमेंट का पता लगाया जा रहा है।

हालांकि जब इस मामले पर मीडिया ने पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने फिलहाल कोई आधिकारिक बयान देने से इंकार कर दिया। पुलिस विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है और आसपास के जिलों की पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि हाईवे पर रात के समय गश्त की कमी के कारण ऐसी वारदातें बढ़ रही हैं। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और लोग रात में निकलने से कतरा रहे हैं।

पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा और वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# ज्योतिसर पहुंचे सीएम सैनी, महाभारत अनुभव केंद्र पर तेज होगा काम

## » प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान केंद्र का कर सकते हैं उद्घाटन

**समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार सुबह ज्योतिसर स्थित निर्माणाधीन महाभारत अनुभव केंद्र का निरीक्षण किया और चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। यह परियोजना 98 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुकी है और अगले 15–20 दिनों में शेष कार्य भी पूरा होने की संभावना है। यह पिछले दो महीनों में मुख्यमंत्री का इस परियोजना स्थल का दूसरा दौरा है। इससे पहले भी सीएम सैनी ने समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। महाभारत अनुभव केंद्र कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित करने की एक महत्वपूर्ण परियोजना मानी जा रही है। आगामी 25 नवंबर को प्रधानमंत्री




नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान इस केंद्र का उद्घाटन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री इसके दो हिस्सों का वर्चुअल लोकार्पण पहले ही कर चुके हैं, हालांकि इन्हें अभी आम जनता के लिए नहीं खोला गया है।

**रत्नावली महोत्सव का सीएम ने किया शुभारंभ**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मंगलवार को रत्नावली महोत्सव का भव्य शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और हरियाणा पवेलियन का उद्घाटन किया। ऑडिटोरियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रत्नावली महोत्सव हरियाणा की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह महोत्सव युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पवेलियन हरियाणा की लोककला, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विविधता का जीवंत प्रदर्शन करेगा और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। रत्नावली महोत्सव 'आजादी के अमृत काल' में हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

# हरियाणा सरकार का फैसला, मरीज 11 बीमारियों का निजी अस्पतालों में नहीं करवा सकेंगे इलाज

## » सरकार के फैसले से आयुष्मान कार्डधारकों ने जताई नाराजगी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने आयुष्मान भारत और चिरायु हरियाणा योजना से जुड़े लाखों लाभार्थियों के लिए बड़ा बदलाव लागू किया है। अब इन योजनाओं के कार्डधारक घुटना प्रत्यारोपण, हर्निया ऑपरेशन सहित 11 बीमारियों का इलाज निजी अस्पतालों में नहीं करवा सकेंगे। इन उपचारों के लिए मरीजों को केवल सरकारी अस्पतालों पर ही निर्भर रहना होगा। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जिन 11 मेडिकल प्रक्रियाओं को निजी अस्पतालों से बाहर किया गया है, उनमें शामिल हैं:

घुटना ट्रांसप्लांट, कूल्हा ट्रांसप्लांट, हर्निया ऑपरेशन, अपेंडिक्स सर्जरी, कान के पर्दे का इलाज, एडेनोइड्स,




उपचार, बवासीर सर्जरी, टॉन्सिल हटाने की सर्जरी, अंडकोष में पानी भरने का इलाज (हाइड्रोसील), खतना (सर्कम्सिशन), गले/जीभ की गांठ (एंट्रॉइड) उपचार। सरकार के इस फैसले से आयुष्मान कार्डधारकों ने नाराजगी जताई है। पहले ही 119 बीमारियों का इलाज निजी अस्पतालों में प्रतिबंधित था, अब इन 11 नई बीमारियों के जुड़ने से कुल संख्या 130 हो गई है। ऐसे में मरीजों को इलाज के लिए लंबी कतारों और देरी का सामना करना पड़ सकता है।

**खर्च कम करना सरकार का लक्ष्य**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सरकार हर साल निजी अस्पतालों को 1500 से 1700 करोड़ रुपये तक का भुगतान करती है। खर्च कम करने और सरकारी अस्पतालों की उपयोगिता बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। बताया जा रहा है कि निजी अस्पतालों और सरकार के बीच भुगतान संबंधी विवाद भी बढ़ रहे थे।

**पहले भी 5 बीमारियां हटाई गई थीं**

चार महीने पहले ही सरकार ने पांच बीमारियां योजना से बाहर की थीं। बच्चेदानी का ऑपरेशन, पित्त की थैली की सर्जरी, मोतियाबिंद, सांस संबंधी रोग, उल्टी-दस्त एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस। वर्तमान में हरियाणा के 675 निजी अस्पताल आयुष्मान और चिरायु हरियाणा योजना के पैनल में शामिल हैं।

# सैनी सरकार की घोषणा, श्रमिकों को मिलेगा दो लाख का ब्याज मुक्त लोन

## » ऋण वापस करने की अवधि आठ साल की गई है निर्धारित

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने श्रमिकों और किराएदारों के लिए 'ब्याज-मुक्त गृह निर्माण लोन योजना' की शुरुआत की है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिकों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है।

**दो लाख रुपये तक मिलेगा ब्याज मुक्त लोन** : योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 2 लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी ब्याज के प्रदान किया जाएगा। इस राशि का उपयोग लाभार्थी नया घर बनाने या पुराने मकान की मरम्मत के लिए कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि यह योजना श्रमिक वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्थायी आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**आसान किश्तों में चुकाना होगा लोन** : इस योजना में ऋण वापस करने की अवधि आठ साल निर्धारित की गई है। लाभार्थियों को यह राशि किस्तों में चुकानी होगी। खास बात यह है कि इस पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा, जिससे श्रमिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

**जानें कौन कर सकता है आवेदन**

इस योजना के लाभ के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई हैं। आवेदक हरियाणा भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिक होना चाहिए। कम से कम पांच वर्ष का नियमित पंजीकरण अनिवार्य है। आवेदक की अधिकतम आयु 52 वर्ष तक होनी चाहिए। योजना का लाभ जीवन में केवल एक बार दिया जाएगा। यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है, तो यह लाभ उत्तराधिकारियों को स्थानांतरित नहीं होगा। राज्य सरकार ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि योजना को सरल और पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए, ताकि अधिक से अधिक वास्तविक पात्र परिवारों तक इसका लाभ पहुंच सके।

# करनाल में डंपर की टक्कर से बाइक सवार जिंदा जला

## » पुलिस ने डंपर चालक को किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | करनाल**

करनाल जिले के अराइपूरा गांव के पास बीती रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया। तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद बाइक में आग लग गई, जिसमें युवक जिंदा जल गया।

मृतक की पहचान 27 वर्षीय सुनील के रूप में हुई है, जो ड्यूटी खत्म कर अपने घर लौट रहा था। जानकारी के मुताबिक, घटना उस समय हुई जब सुनील अराइपूरा मोड़ के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक कई मीटर तक घसीटा गया और बाइक तुरंत आग की लपटों में घिर गई।

स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना



तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए करनाल के सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। आज शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के सही कारणों की जांच कर रही है।

# प्रेमिका और मंगेतर ने रचाई साजिश, एजेंट की हत्या

## » अवैध प्रेम संबंध और ब्लैकमेलिंग के चलते की गई हत्या

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**

पल्ला थाना क्षेत्र में एतमादपुर पुल के पास नाले से बरामद हुए बीमा एजेंट चंदर की हत्या का खुलासा हुआ है। यह हत्या अवैध प्रेम संबंध और ब्लैकमेलिंग के चलते की गई थी। पुलिस ने इस मामले में चंदर की प्रेमिका लक्ष्मी और उसके मंगेतर केशव को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 29 वर्षीय लक्ष्मी दिल्ली के मीठापुर की रहने वाली है, जबकि 26 वर्षीय केशव दिल्ली के बुराड़ी स्थित संतोष नगर का निवासी है।

**प्रेम-प्रसंग से शुरू हुई रंजिश ने ली जान**

क्राइम ब्रांच डीएलएफ टीम की जांच में सामने आया कि चंदर और लक्ष्मी के बीच पिछले 4–5 वर्षों से प्रेम संबंध थे। इसी दौरान लक्ष्मी की



सगाई केशव से हो गई। इसके बाद चंदर लगातार लक्ष्मी पर शादी के लिए दबाव डालने लगा और उसे केशव से रिश्ता तोड़ने के लिए धमकाने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर लक्ष्मी और उसके मंगेतर ने चंदर को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

**ऐसे रचा गया खौफनाक प्लान**

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि 25 अक्टूबर (शनिवार) को लक्ष्मी ने चंदर को मीठापुर बुलाया और उसे भरोसे में लेकर बाइक पर एतमादपुर के सुनसान इलाके में पहुंची। वहां पहले से घात लगाए बैठे केशव अपने दो साथियों के साथ मौजूद था। आरोपियों ने पहले रस्सी से गला घोंटा और फिर उसके सिर पर वार किया। हत्या के बाद शव को नाले में फेंक दिया और बाइक वहीं छोड़ दी ताकि मामला हादसा लगे।

**पुलिस को कैसे मिला सुराग**

रविवार सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर पल्ला थाना पुलिस ने एतमादपुर पुल के पास नाले से शव बरामद किया। मृतक की पहचान बीमा एजेंट चंदर के रूप में हुई। पुलिस ने तुरंत हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

तकनीकी साक्ष्यों और कॉल डिटेल के आधार पर जांच आगे बढ़ी और मंगलवार को प्रेमिका लक्ष्मी और उसके मंगेतर केशव को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके दो साथी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह का कहना है कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# जंगल में अज्ञात व्यक्ति का पेड़ से लटका मिला शव

**समर न्यूज़ | रेवाड़ी**

जिले के बोहका गांव स्थित बणी (जंगल) क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। शव कई दिनों पुराना प्रतीत हो रहा है और उसके दोनों पैर जंगली जानवरों द्वारा नोचे हुए थे। ग्रामीणों की सूचना पर खोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के थानों में सूचना भेजकर शव की पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही आस-पास के गांवों में मुनादी भी कराई जा रही है। मृतक ने कुर्ता-पायजामा पहन रखा था और शव से तेज बदबू आ रही थी, जिसके आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि मौत को 3-4 दिन बीत चुके हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है।

# हरियाणा सरकार ने बढ़ाई वृद्धावस्था पेंशन, बुजुर्गों को मिली बड़ी राहत

## » 3000 रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये की गई, सीधे खाते में होगी ट्रांसफर

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को राहत देते हुए वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजना की मासिक राशि में बढ़ोतरी कर दी है। अब पात्र बुजुर्गों को पहले की तुलना में अधिक आर्थिक सहायता मिल सकेगी। सरकार ने पेंशन को 3000 रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। राज्य सरकार का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक जीवनयापन के लिए सहायता प्रदान करना है। यह पेंशन सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए भेजी जाती है। पहले वृद्धावस्था पेंशन



के लिए लंबी कागजी औपचारिकताओं से गुजरना पड़ता था, लेकिन अब प्रक्रिया को पूरी तरह सरल कर दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि पेंशन अब परिवार पहचान पत्र में दर्ज आयु के आधार पर स्वतः स्वीकृत हो जाती है। इसलिए वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी दफ्तर के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है।

**सीधे खाते में आती है राशि**

सरकार की ओर से बताया गया कि पेंशन की राशि हर महीने लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। लाभार्थी इसे बैंक शाखा या एटीएम के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा सरकार समय-समय पर पेंशन राशि में संशोधन भी करती है। सरकार का दावा है कि यह योजना प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और आने वाले समय में और भी कल्याणकारी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

# अलावलपुर गांव छठ घाट पर सात साल की बच्ची गहरे पानी में डूबी

## » लोगों ने बच्ची को पानी से बाहर निकालकर अस्पताल में कराया भर्ती

**समर न्यूज़ | पलवल**

हरियाणा के पलवल जिले के अलावलपुर गांव स्थित छठ घाट पर सोमवार सुबह छठ पर्व के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। घाट पर पूजा-अर्चना के बाद स्नान के लिए उतरी सात वर्षीय बच्ची गहरे पानी में डूब गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्ची को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, अलावलपुर के पक्के छठ घाट पर सोमवार सुबह छठ पूजा के लिए पूर्वांचल समुदाय के लोगों की बड़ी संख्या एकत्र हुई थी। श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करने के बाद तालाब में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान पलवल के जवाहर नगर निवासी संतोष की बेटी रिया (7) नहाने के दौरान तालाब के गहरे हिस्से में चली गई और डूबने लगी।



घटना देखते ही लोगों ने तुरंत रिया को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। रिया के पिता संतोष मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं और पलवल में टेंट हाउस पर काम करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है। घटना के समय पिता संतोष के पास बच्ची के इलाज के लिए पैसे भी नहीं थे। इसी दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय पत्रकार अशोक कुमार यादव ने मानवता दिखाते हुए अपनी ओर से 1000 रुपये प्रदान कर बच्ची का इलाज शुरू करवाया। स्थानीय लोगों ने आयोजन समिति पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि पूर्वांचल जनकल्याण समिति हर वर्ष इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करती है, लेकिन हादसे के समय समिति के पदाधिकारी मदद करने के बजाय केवल औपचारिकता निभाते नजर आए। आरोप है कि मंच संचालन और चंदा एकत्र करने में सक्रिय रहने वाले पदाधिकारी जरूरत पड़ने पर नदारद रहे। फिलहाल बच्ची रिया का उपचार पलवल के अपेक्स हॉस्पिटल में चल रहा है और उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

# सीएम फ्लाइंग की छापेमारी से श्रम विभाग में लापरवाही उजागर

## » श्रम कल्याण विभाग कार्यालय यमुनानगर में दो कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले

**समर न्यूज़ | यमुनानगर**

सीएम फ्लाइंग टीम ने मंगलवार को श्रम कल्याण विभाग कार्यालय यमुनानगर पर आकस्मिक छापेमारी की, जिससे विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। टीम ने कार्यालय पहुंचकर हाजिरी रजिस्टर कब्जे में लिया और उपस्थिति की जांच की। जांच में पता चला कि निर्धारित समय के दौरान कार्यालय में केवल चार कर्मचारी मौजूद थे।

जांच के दौरान कुछ कर्मचारी वेरिफिकेशन कार्य के लिए फील्ड में तैनात पाए गए, जबकि दो कर्मचारी बिना किसी अनुमोदन के ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। टीम ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए रिपोर्ट तैयार की। सीएम फ्लाइंग के अधिकारी ने बताया कि छापेमारी का उद्देश्य 90 दिन वर्क स्लिप योजना की पारदर्शिता की जांच करना था। यह देखा गया कि योजना



के लाभार्थियों को सही तरीके से लाभ मिल रहा है या नहीं, किन मजदूरों को लाभ दिया गया है, योजना में किसी प्रकार की गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा तो नहीं हो रहा।

अधिकारी के अनुसार जांच के लिए लाभार्थियों की सूची (रिकॉर्ड) मंगवाई गई है। दस्तावेजों की गहन जांच के बाद गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

टीम के अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि ड्यूटी से बिना कारण अनुपस्थित दो कर्मचारियों के खिलाफ विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी।


# विभागीय परीक्षाओं की तारीख तय, अधिसूचना जारी हुई

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिए आयोजित होने वाली विभागीय परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 15 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक पंचकूला के सेक्टर-12A स्थित 'सार्थक गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल' में आयोजित की जाएंगी।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, इन परीक्षाओं में सहायक आयुक्त, अतिरिक्त सहायक आयुक्त सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। परीक्षाएं निम्नलिखित विभागों के अधिकारियों के लिए आयोजित की जाएंगी

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, वन विभाग, कृषि एवं बागवानी विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य पालन विभाग, जेल विभाग, सहकारिता विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, पंचायती राज विभाग,




वन्यप्राणी संरक्षण विभाग, निर्वाचन विभाग।

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने विभागाध्यक्ष या प्रशासनिक सचिव के माध्यम से ही आवेदन जमा करवाना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 नवंबर 2025 तय की गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि केन्द्रीय परीक्षा समिति को सीधे भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

यदि कोई अभ्यर्थी किसी विशेष कारण से परीक्षा में शामिल होने में असमर्थ रहता है, तो उसे इसकी सूचना समय रहते केन्द्रीय परीक्षा समिति के सचिव को अनिवार्य रूप से देनी होगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा संबंधी नियमों और निर्देशों का पालन अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य होगा।

# धारा 118 में कोई छेड़छाड़ नहीं की, विपक्ष जनता को कर रहा है गुमराह : जगत सिंह

» संशोधन केवल धार्मिक संस्थाओं को सेलिंग एक्ट से बाहर रखना, धार्मिक प्रयोजनों के लिए भूमि का उपयोग कर सकेंगे

संजू | शिमला
समर न्यूज़



राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि धारा 118 में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना विधानसभा की मंजूरी के इस धारा में संशोधन संभव ही नहीं है। नेगी ने कहा कि विधानसभा में पहले जो संशोधन किया गया था वह केवल धार्मिक संस्थाओं को सेलिंग एक्ट से बाहर रखने के लिए था, ताकि वे अपने धार्मिक प्रयोजनों के लिए भूमि का उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि उस समय विपक्ष ने न तो कोई आपत्ति जताई थी और न ही विरोध किया था लेकिन अब जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

राजस्व मंत्री ने कहा कि विपक्ष असंतुलित बयान दे रहा है, क्योंकि भाजपा में नेतृत्व को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। राजस्व मंत्री ने बताया कि आपदा प्रभावित किसी भी व्यक्ति को अब बेघर नहीं रहना पड़ रहा। राज्य सरकार ने सभी के लिए ठहरने की व्यवस्था की है और जो लोग किराए के मकानों में रह रहे हैं, उन्हें पांच हजार प्रतिमाह किराया सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में 1800 से अधिक मकान पूरी तरह नष्ट जबकि आठ हजार से ज्यादा मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

सरकार ने प्रभावितों के लिए स्पेशल पैकेज 2023 लागू किया है। पूरी तरह नष्ट मकानों के लिए सात लाख, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए एक लाख, छोटे व्यावसायिक नुकसान के लिए एक लाख की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आगामी एक नवंबर को मंडी और कुल्लू में राहत वितरण कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जहां प्रभावित परिवारों को पहली किस्त के रूप में चार लाख की राशि दी जाएगी। नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार से घोषित पंद्रह सौ करोड़ की राहत राशि अभी तक नहीं मिली, लेकिन राज्य सरकार अपने संसाधनों से ही प्रभावितों को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**वन भूमि पर कब्जे को लेकर विपक्ष फैला रहा भ्रम** : नेगी ने कहा कि वन भूमि पर किसी को भी मनमाने ढंग से कब्जे की अनुमति नहीं दी जा सकती। अधिकार केवल "वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ही मान्य हैं। उन्होंने बताया कि इस कानून के अनुसार 13 दिसंबर 2005 से पहले जो लोग जंगलों या बंद भूमि पर रह रहे थे और जिनकी पुष्टि ग्राम सभा व बुजुर्गों द्वारा की जाती है उन्हें ही अधिकार मिल सकते हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि किन्नौर में 600 से अधिक जबकि लाहौल-स्पीति और भरमौर में बड़ी संख्या में पात्र परिवारों को भूमि अधिकार दिए जा चुके हैं।

**सेब फसल पर लगाए गए आरोपों का किया खंडन** : सेब की फसल सड़क किनारे रखे जाने को लेकर विपक्ष के आरोपों पर मंत्री ने कहा कि एचपीएमसी ने इस बार एक लाख मीट्रिक टन से अधिक सेब की खरीद की है। सड़क मार्ग बाधित होने के कारण कुछ जगहों पर सेब अस्थायी रूप से सड़क किनारे रखे गए थे, लेकिन उन्हें नालों में नहीं फेंका गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई, जिसने खराब सेबों को नष्ट करने और जूस निर्माण योग्य सेबों के उपयोग के लिए योजना तैयार की।

## ऊना पुलिस की कार्रवाई

# अवैध माइनिंग में लगे 15 वाहन किए जब्त

» पुलिस ने 9 टिप्पर, 2 पोकलेन मशीनें और 4 ट्रैक्टरों को पकड़ा

राकेश | ऊना
समर न्यूज़



ऊना जिला में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। देर रात पुलिस ने स्वां नदी क्षेत्र में चल रही अवैध माइनिंग पर शिकंजा कसते हुए कुल 15 वाहनों को कब्जे में लिया है। इनमें 9 टिप्पर, 2 पोकलेन मशीनें और 4 ट्रैक्टर शामिल हैं। यह संयुक्त कार्रवाई पुलिस थाना ऊना, टाहलीवाल, हरोली और गगरेट क्षेत्रों में की गई। सभी वाहनों के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।


एडिशनल एसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि यह कार्रवाई एसपी अमित यादव के दिशा-निर्देशों के तहत की गई। उन्होंने कहा कि ऊना पुलिस अवैध कारोबार पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी व्यक्ति को जो अवैध गतिविधियों में शामिल पाया जाएगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

यह कार्रवाई केवल शुरुआत है और आने वाले समय में भी ऐसे ऑपरेशन जारी रहेंगे। पुलिस की इस कार्यवाही से खनन माफिया में हड़कंप मच गया है।

# नागरिक अस्पताल तीसा में मिलेंगी अब विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं

» राज्य सरकार ने पांच पदों को भरने के आदेश जारी किए

मंज़ूर पठान | चंबा
समर न्यूज़



चुराह विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए राहत भरी खबर है। नागरिक अस्पताल तीसा में अब लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधाएं मिलने जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने अस्पताल में पांच रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के पदों को भरने के आदेश जारी कर दिए हैं। इन पदों में एमडी मेडिसिन, शिशु रोग विशेषज्ञ (पीडियाट्रिशियन), ईएनटी (कान-नाक-गला) विशेषज्ञ, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ और रेडियोलॉजिस्ट शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इन सभी पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति एक से डेढ़ महीने के भीतर कर दी जाएगी।

अब तक तीसा अस्पताल में इन विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता न होने के कारण मरीजों को उपचार के लिए चंबा या अन्य बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। नई नियुक्तियों से लगभग एक लाख की आबादी वाले क्षेत्र को बड़ी सुविधा मिलेगी।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषि पुरी ने बताया कि सरकार द्वारा पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति के आदेश जारी हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी डॉक्टर जल्द ही ज्वाइन करेंगे। इससे क्षेत्र के लोगों को अब चंबा जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और सभी विशेषज्ञ सुविधाएं यहीं तीसा में उपलब्ध होंगी।

## मनाली में फिर लौटी रौनक

मनमिंदर अरोड़ा | कुल्लू
समर न्यूज़

आपदा के बाद एक बार फिर पर्यटन नगरी मनाली मुस्कुरा उठी है। अब सैलानियों की आवाजाही बढ़ने लगी है और सोलंगनाला, अटल टनल रोहतांग, मढ़ी और रोहतांग दर्रा जैसे पर्यटन स्थल फिर से पर्यटकों से गुलजार होने लगे हैं।

होटलों में ऑक्यूपेंसी 30 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जिससे पर्यटन कारोबारियों, होमस्टे संचालकों, टैक्सी चालकों और दुकानदारों ने राहत की सांस ली है। मनाली उपमंडल में पंजीकृत 1009 होटल और 302 होमस्टे से हजारों लोगों का रोजगार जुड़ा है। पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग, ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग और वाटर स्पोर्ट्स जैसी साहसिक गतिविधियां सैलानियों को आकर्षित कर रही हैं। इन दिनों ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग का खूब आनंद लिया जा रहा है।गौरतलब है कि रोहतांग दर्रा और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अक्टूबर माह में ही बर्फबारी हो चुकी है, जिससे पर्यटन गतिविधियों को और बल मिला है।

# हिमाचल में दिन में खिली धूप, सुबह-शाम बढ़ी ठंड

» दो नवंबर तक रहेगा साफ मौसम

संजू चौधरी | शिमला
समर न्यूज़



हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में दो नवंबर तक मौसम पूरी तरह साफ रहेगा क्योंकि इस अवधि में किसी भी पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों में सुबह और शाम के समय हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान शून्य के करीब पहुंच गया है। लाहौल-स्पीति में न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे वहां ठंड का असर और बढ़ गया है। वहीं, मैदानी इलाकों में दिन का तापमान सामान्य बना हुआ है। ऊना प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा जहां सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा हमीरपुर में 31 डिग्री, बिलासपुर में 30.3 डिग्री और सुंदरनगर में 28.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी शिमला में अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री, जबकि न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहा। केलांग में न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री और कल्पा में 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। फिलहाल पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है और कहीं भी वर्षा या बर्फबारी नहीं हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 15 नवंबर के बाद से हिमाचल में विंटर सीजन की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है। दिसंबर के तीसरे सप्ताह या जनवरी के पहले हफ्ते से राजधानी शिमला में बर्फबारी की संभावना रहती है। संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि फिलहाल हिमाचल की हवा पूरी तरह स्वच्छ है और प्रदूषण का स्तर सामान्य बना हुआ है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में पर्यटक स्वच्छ और शांत वातावरण का आनंद लेने हिमाचल के पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं।

बर्जन

अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। फिलहाल कोई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान गिरा है, लेकिन बारिश या बर्फबारी की संभावना नहीं है।

**संदीप कुमार शर्मा, वैज्ञानिक, मौसम विज्ञान केंद्र शिमला**

# रोहड़ू में महिला टीचर की अमानवीय हरकत, विभाग ने तत्काल किया निलंबन



समर न्यूज़ | शिमला

शिमला जिले के रोहड़ू क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक विद्यालय गावना (केंद्र कुटारा) में एक शिक्षिका द्वारा छात्र के साथ अमानवीय व्यवहार करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही शिक्षा विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूल की मुख्य अध्यापिका रीना राठौर को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि मुख्य अध्यापिका ने छात्र के कपड़े उतरवाए और फिर कांटेदार झाड़ी से उसकी पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, वायरल वीडियो में मुख्य अध्यापिका द्वारा छात्र के साथ अनुचित व्यवहार किए जाने की पुष्टि के बाद विभाग ने जांच के आदेश भी दे दिए हैं। उप-निदेशक (प्राथमिक शिक्षा) ने कहा कि ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी, और दोषी के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विभागिय सूत्रों के मुताबिक, जिला शिक्षा अधिकारी की टीम मौके पर पहुंचकर विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर रही है। यह घटना न केवल शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है बल्कि यह भी याद दिलाती है कि विद्यालय बच्चों के लिए भय का नहीं, विश्वास का स्थान होना चाहिए। शिक्षा विभाग से अपेक्षा की जा रही है कि वह मानसिक स्वास्थ्य, संवेदनशीलता और शिक्षक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दे।

# खुंगन गांव में किसानों की आजीविका पर संकट, 300 कनाल जमीन पर ठप पड़ी खेती

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



जिला हमीरपुर के गलोड़ क्षेत्र के खुंगन गांव के किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। गांव के एक परिवार द्वारा खेतों तक जाने वाला सार्वजनिक रास्ता बंद कर देने से करीब 45 घरों के लोग अपनी लगभग 300 कनाल जमीन पर खेती नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने एडीसी हमीरपुर को ज्ञापन सौंपते हुए रास्ता खोलने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता लंबे समय से सार्वजनिक उपयोग में रहा है और सभी किसान इसी मार्ग से अपनी जमीनों तक पहुंचते थे। लेकिन लगभग एक वर्ष पहले गांव के एक परिवार ने इस रास्ते पर कब्जा कर निर्माण कर लिया, जिसके बाद से किसी को भी खेतों की ओर जाने नहीं दिया जा रहा है। नतीजतन दो वर्षों से खेती-बाड़ी का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है और उपजाऊ जमीन पर अब झाड़ियां उग आई हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस मामले को कई बार पंचायत स्तर पर उठाया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। अब प्रशासन से उम्मीद है कि वह हस्तक्षेप कर रास्ता बहाल करवाएगा ताकि खेती फिर से शुरू हो सके। एडीसी हमीरपुर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि प्रशासनिक जांच करवाई जाएगी और यदि रास्ता सार्वजनिक पाया गया तो उसे शीघ्र खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित परिवार से बातचीत कर मामले का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रशासन न्यायपूर्ण तरीके से इस विवाद का निपटारा करेगा ताकि गांव में फिर से खेती-बाड़ी की बहाली हो सके।

# चिंतपूर्णी मंदिर में होमगार्ड इंचार्ज ओपी ने श्रद्धालु को लौटाया खोया हुआ पर्स

» पंजाब के कोटकपूरा से माता के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु ने पर्स मिलने पर होमगार्ड इंचार्ज का जताया आभार, पर्स में थे 25 हजार रुपये

विकास | कांगड़ा
समर न्यूज़



माता चिंतपूर्णी मंदिर परिसर में सोमवार शाम एक ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए श्रद्धालु का पर्स लौटा दिया। पंजाब के कोटकपूरा से माता चिंतपूर्णी के दर्शन करने पहुंचे कपिल का पर्स मंदिर परिसर में कहीं गिर गया था। पर्स में लगभग 25 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। इसी दौरान होमगार्ड प्लाटून कमांडर इंचार्ज ओपी चौहान को यह पर्स मिला। उन्होंने बिना देर किए मंदिर कंट्रोल रूम में इसकी सूचना दी और माइक से घोषणा करवाई।

घोषणा सुनकर कुछ ही देर में कपिल कंट्रोल रूम पहुंचे जहां पहचान की पुष्टि के बाद पर्स उन्हें सुरक्षित लौटा दिया गया। पर्स मिलने पर कपिल और उनके साथ मौजूद श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली और ओपी चौहान का आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि होमगार्ड इंचार्ज की ईमानदारी और तत्परता मंदिर प्रशासन की निष्ठा और विश्वसनीयता को दर्शाती है। इस घटना से श्रद्धालुओं के बीच यह संदेश गया कि चिंतपूर्णी मंदिर परिसर न केवल भक्ति का स्थल है बल्कि ईमानदारी और सेवा भावना का प्रतीक भी है।

# घटिया खाने और अव्यवस्था को लेकर एबीवीपी ने वल्लभ महाविद्यालय मंडी में दिया धरना

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को वल्लभ महाविद्यालय मंडी में कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने मेस में मिल रहे घटिया खाने, लाइब्रेरी की लाइट व्यवस्था, टॉयलेट की सफाई और गर्ल्स कॉमन रूम की कमी जैसे मुद्दों पर जमकर नारेबाजी की।

एबीवीपी इकाई अध्यक्ष करण ठाकुर और उपाध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि कॉलेज में व्याप्त इन अव्यवस्थाओं को लेकर चार से पांच बार प्रबंधन को अवगत करवाया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।छात्र नेताओं का आरोप है कि बॉयज होस्टल की मेस में बेहद निम्न गुणवत्ता का खाना परोसा जा रहा है, जिसके चलते छात्र पिछले दो महीनों से मेस का बहिष्कार कर रहे हैं। मेस संचालक के खिलाफ दुर्व्यवहार की भी शिकायत की गई है। छात्रों ने मेस का टेंडर दोबारा करने की मांग उठाई थी, लेकिन अभी तक इसे पूरा नहीं किया गया है।

छात्रों ने यह भी कहा कि कॉलेज लाइब्रेरी में बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है, वहीं टॉयलेट में सफाई और हाथ धोने की सुविधा का अभाव है। गर्ल्स कॉमन रूम न होने से छात्राओं को भी असुविधा झेलनी पड़ रही है।एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो वे कॉलेज को ताला लगाने का आंदोलन शुरू करेंगे।

# नूरपुर में छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली, दिया नशा मुक्त भारत का संदेश

» पोस्टर में छात्रों ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया, प्रिंसिपल सुनीता ने रैली को दिखाई हरी झंडी

समर न्यूज़ | नूरपुर




देशभर में चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज तहसील कल्याण अधिकारी नूरपुर कार्यालय एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में राजकीय बॉयज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूरपुर के छात्रों द्वारा जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को स्कूल प्रिंसिपल सुनीता सागर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली स्कूल परिसर से मिनी सचिवालय नूरपुर तक निकाली गई। इस दौरान छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए नशा नहीं शिक्षा अपनाओ और युवाओं का नारा नशा छोड़ो प्यारा हमारा। रैली के साथ-साथ आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। सचिवालय प्रांगण में एसडीएम नूरपुर अरुण शर्मा ने उपस्थित छात्रों को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य युवाओं को नशे के खतरों से अवगत कराना है। समाज को इस बुराई से मुक्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी को अपने आसपास नशे का कारोबार या उसमें लिप्त किसी व्यक्ति की जानकारी हो तो तुरंत प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। छात्रों ने कहा कि वे अपने अभियान से यह संदेश देना चाहते हैं कि नशा जीवन को बर्बाद करता है, इसलिए हमें अपने परिवार और देश की तरक्की के लिए इससे दूर रहना चाहिए। एसडीएम अरुण शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल स्तर पर बच्चों को इस मुहिम से जोड़ना बेहद जरूरी है ताकि आने वाली पीढ़ी नशे के खतरों को समझे और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सके। स्थानीय प्रशासन शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर स्वस्थ जागरूक और सशक्त भारत का निर्माण करना है।

# गंदगी के ढेर मेयर और विधायक ने एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराया

**समर एक्सप्रेस फॉलोअप**

**» मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू ने कहा मोहाली में गंदगी के लिए विधायक पूरी तरह से जिम्मेवार**

**परदीप सिंह हैप्पी, हरजीत सिंह | मोहाली**
**समर न्यूज़**

समर एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा शुरू की गई अपना परिवार अपना वार्ड मुहिम के तहत वार्ड नंबर 39 में समर एक्सप्रेस की टीम द्वारा लोगों से वार्ड की समस्याओं के बारे में जाना गया और वहां पर उपस्थित वार्ड के पार्षद जो के आम आदमी पार्टी से संबंधित हैं मैडम कर्मजीत कौर ने दावा किया था कि उन्होंने पिछले 10 वर्ष में 10 करोड़ से भी ज्यादा के विकास कार्य को अंजाम दिया है।

जबकि वहां पर मौजूद पार्षद के चुनाव लड़ चुके मैडम सुखबीर कौर व अन्य ने तरह-तरह की समस्याओं के बारे में बताया ,वहां पर मौजूद लोगों ने वार्ड में गंदगी व आवारा पशुओं के बारे में चिंता जताई थी और समा टीवी ग्रुप द्वारा शुरू की गई इस मुहिम का असर आज देखने को मिला। के मोहाली के मेयर अमरजीत सिंह सिद्धू ने इस बात से अवगत होकर बाकायदा समर टीम को विशेष तौर पर अपना पक्ष देने के लिए आमंत्रित किया।



अमरजीत सिंह की स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर डंपिंग ग्राउंड के लिए जगह न उपलब्ध करवाई तो इसके लिए वह कूड़े से भारी ट्रालियों को डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के बाहर गिरा देंगे। अमरजीत सिंह ने कहा कि जब ट्राली से भरे कूड़ा करकट को फेंकने के लिए जाते हैं तो वहां बंदूक धारी लोग उनको धमकाते हैं, यह बात सरासर गलत है।

**मेयर को नहीं है किसी चीज का ज्ञान कर रहे हैं लोगों को गुमराह :कुलवंत सिंह**

विधायक मोहाली कुलवंत सिंह ने समर टीवी से खास बातचीत के दौरान स्पष्ट कहा कि मेयर मोहाली कॉरपोरेशन अमरजीत सिंह जीती सिद्धू दलोगों के काम करवाने के चलते उनको सिर्फ गुमराह कर रहे हैं और इनको किसी भी चीज का ज्ञान नहीं है कि कोई भी काम कैसे करवाया जाना है विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि डंपिंग ग्राउंड के लिए सरकार द्वारा जगह अलॉट कर दी गई है और गंदगी देर जगह-जगह पर मोहाली शहर में लगे हुए हैं और मेयर का सिर्फ निजी कामों में ही ध्यान है,विधायक ने कहा कि सिद्धू परिवार पिछले इससे पहले 15 वर्ष तक लगातार सत्ता में रहा है और इन्होंने 15 वर्ष में लोगों के कोई काम नहीं किया, जिसके चलते लोगों ने बदल के रूप में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई है, पर सिद्धू परिवार को सुबह के चलते मोहाली शहर की खूबसूरती पसंद नहीं आ रही और यह जगह-जगह पर गंदगी फैला रहे हैं।

## मोहाली में कूड़ा-करकट की समस्या के लिए नगर निगम जिम्मेदार नहीं है : मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू

**» 15 ट्रालियां कूड़े से भरी पड़ी है कोई नहीं है सुनने वाला**



समर टीम के साथ बातचीत के दौरान मेयर अमरजीत सिंह सिद्धू के साथ सीनियर डिप्टी मेयर अमरीक सिंह सोमल, पार्षद जसप्रीत सिंह गिल।

**मेयर मोहाली कॉरपोरेशन अमरजीत सिंह सिद्धू ने समर टीम से विशेष बातचीत के दौरान स्पष्ट कहा कि मोहाली में गंदगी के चलते सरकार पूरी तरह जिम्मेवार है मोहाली में 15 ट्रक कूड़े के भरे पड़े हैं, मगर इनका कोई भी सोने वाला नहीं है कहा के मोहाली में गंदगी के ढेर लगाकर यह सोचते हैं कि वह इसके लिए मोहाली कॉरपोरेशन को जिम्मेदार ठहराएंगे ,मगर मोहाली के लोग इस बात को भली भांति जानते हैं। इसके लिए मोहाली के विधायक व सरकार पूरी तरह जिम्मेवार है। आज मोहाली के मोहाली के सेक्टर 78 में मोहाली कॉरपोरेशन अमरजीत सिंह सिद्धू सीनियर डिप्टी मेयर व कई पार्षद भी उपस्थित रहे, और इस मौके पर सफाई का ठेकेदार ललित भी मौजूद रहा।**

# छतबीड़ चिड़ियाघर में इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान





**समर न्यूज़ | जीरकपुर**

छतबीड़ चिड़ियाघर में दोपहर अचानक इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते कई ई-व्हीकल्स आग की चपेट में आ गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

चिड़ियाघर प्रबंधन के अनुसार यह गाड़ियां पर्यटकों को सफारी के दौरान अंदर घुमाने के लिए उपयोग की जाती हैं। आग से करीब लाखों रुपये की इन इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, हालांकि तकनीकी खराबी को संभावित कारण माना जा रहा है।

घटना के बाद चिड़ियाघर में कुछ देर तक हड़कंप का माहौल रहा और पर्यटकों को सुरक्षा के मद्देनजर उस हिस्से से दूर रखा गया। पुलिस और फायर विभाग इस मामले की जांच में जुटे हुए हैं। चिड़ियाघर प्रशासन ने कहा कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे।

# शहीद मेजर हरमिंदरपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के छात्र मनवीर सिंह ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

शहीद मेजर हरमिंदरपाल सिंह (शौर्य चक्र) राजकीय महाविद्यालय, एसएएस नगर की कुश्ती टीम ने प्रिंसिपल गुरिंदरजीत कौर के नेतृत्व में पंजाबी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र मनवीर सिंह ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

मनवीर सिंह का चयन अब अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय शिविर के लिए हुआ है, जो महाविद्यालय और जिले के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. जसप्रीत बैंस और प्रो. हर्ष ने छात्र को भविष्य में और अधिक मेहनत करने के




लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सिमरप्रीत और प्रो. जगतार सिंह चिल्ला ने भी मनवीर सिंह का उत्साहवर्धन किया।

# उपायुक्त सतपाल शर्मा का सेक्टर 20 मार्केट में औचक निरीक्षण

**» अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश » खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगाः उपायुक्त**

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने कल रात सेक्टर 20 की मार्किट का औचक निरीक्षण किया और अवैध अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को तुरंत अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पंचकूला में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि कई दुकानदारों और शोरूम मालिकों द्वारा दुकानों के सामने स्टॉल लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे न केवल यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न होती है बल्कि आमजन को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाया जाए। उन्होंने मार्किट के पार्किंग क्षेत्र में फ़ूड ट्रक लगाकर खाद्य सामग्री




बेचने के मामलों पर भी कड़ा संज्ञान लिया और पार्किंग एरिया को तुरंत






खाली करने के निर्देश दिए। इसके बाद शर्मा ने मार्किट में स्थित मिठाई और फास्ट फूड की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जानकारी ली और दुकानों की रसोई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि रसोई और दुकानें साफ-सुथरी रखी जाएं तथा प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मिठाई की दुकानों, रेस्टोरेंट्स और फास्ट फूड शॉप्स में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने आमजन से भी अपील की कि वे खाद्य सामग्री खरीदते समय मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट अवश्य जांचें।

उल्लेखनीय है कि उपायुक्त सतपाल शर्मा ने हाल ही में दिवाली से पूर्व सेक्टर 7 और सेक्टर 9 की मार्किटों का भी निरीक्षण किया था तथा दुकानों के सामने से अवैध अतिक्रमण हटाने और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए थे।

# जिला स्तरीय प्राथमिक विद्यालय खेलों का उपायुक्त कोमल मित्तल ने किया उद्घाटन

**» खेल बच्चों के समग्र विकास का अभिन्न अंगः डीसी कोमल मित्तल**

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

पंजाब सरकार की शिक्षा और खेल के प्रति प्रतिबद्धता के तहत, स्कूल शिक्षा विभाग, पंजाब के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिला स्तरीय प्राथमिक विद्यालय खेलों का उद्घाटन आज उपायुक्त कोमल मित्तल ने स्कूल ऑफ एमिनेंस फेज-3बी-1 में ध्वजारोहण करके किया।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) दर्शनजीत सिंह ने मुख्य अतिथि उपायुक्त कोमल मित्तल का स्वागत किया। इस अवसर पर, उपायुक्त द्वारा दीप प्रज्वलित करने के बाद गुब्बारे उड़ाकर खेलों का शुभारम्भ किया गया।

उपायुक्त कोमल मित्तल ने अपने संबोधन में कहा, "खेल बच्चों के समग्र विकास का अभिन्न अंग हैं। ये न केवल शारीरिक फिटनेस का विकास करते हैं, बल्कि सौहार्द, अनुशासन और खेल भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को हार-जीत की भावना से ऊपर उठकर खेलों



को जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।"

उन्होंने बच्चों को पूरे जोश के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) दर्शनजीत सिंह ने बताया कि उप-जिला शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) परमिंदर कौर और जिला खेल संयोजक बलजीत सिंह सनेटा की टीम द्वारा खेलों की पूरी व्यवस्था बहुत अच्छे ढंग से की गई है। उनके अनुसार, खेलों में आठ ब्लॉकों की टीमें भाग ले रही हैं। सेक्टर 78 स्थित जिला खेल परिसर में कुछ एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। ये तीन दिनों तक चलेंगी।

आज खेलों के पहले दिन खरड़-1, डेराबस्सी-1, खरड़-2 और कुराली की टीमों ने विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिला खेल परिसर में बैडमिंटन और जिम्नास्टिक प्रतियोगिताएँ जारी रहीं, जबकि स्कूल ऑफ एमिनेंस में शॉटपुट और शतरंज प्रतियोगिताएँ जारी रहीं।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलिंदर सिंह, प्रितपाल सिंह टीरा, मनजीत सिंह (एमडी बिल्डिंग मैटेरियल), संदीप सिंह बेदी परिवार ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और जलपान की व्यवस्था की।

इस अवसर पर बीपीईओ कमलजीत सिंह, गुरुमीत कौर, जतिन मिगलानी, जसवीर कौर, सहायक खेल संयोजक जगदीप सिंह, आठ ब्लॉकों के खंड खेल अधिकारियों के अलावा खेल समिति के सदस्य अरविंदर सिंह पिंकी, जसविंदर सिंह बेनीपाल, संदीप सिंह, जगदेव सिंह, बलबीर सिंह, लखवीर सिंह, गुलजीत सिंह, लखविंदर सिंह, देव करण सिंह, रविंदर पप्पी सिद्धू, तजिंदर सिंह (स्टेट अवार्डी), हरप्रीत कौर, आशिमा, रेखा खन्ना (स्टेट अवार्डी), प्रीति, खिलाड़ी, बच्चे, अभिभावक और शिक्षक सहित कोमल नंदा और ड्यूटी स्टाफ उपस्थित थे।

# मनौली का दूसरा क्रिकेट टूर्नामिंट 14, 15 और 16 नवंबर को

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

शेरे पंजाब स्पोर्ट्स क्लब - द्वारा मनौली गाँव और पूरी ग्राम पंचायत के सहयोग से 14,15 और 16 नवंबर को मनौली गाँव में दूसरा क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का पोस्टर युवा नेता और पार्षद सरबजीत सिंह समाणा ने जारी किया। इस अवसर पर सरपंच कुलवीर सिंह के अलावा क्लब अध्यक्ष आशीष वशिष्ठ और चेयरमैन परगट सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए युवा नेता एवं पार्षद सरबजीत सिंह समाणा ने कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार शहरों के साथ-साथ गांवों में भी खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रही है और युवाओं को नशे के गहरे दलदल से बाहर आकर केवल खेल के मैदान में जाने को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिससे वे अपने माता-पिता और पंजाब का नाम रोशन कर सकेंगे और अपना भविष्य भी सुरक्षित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि रोजाना खेल के मैदान में जाने से युवा स्वास्थ्य के प्रति भी पूरी तरह से जागरूक हो


क्रिकेट टूर्नामेंट का पोस्टर विमोचन करते युवा नेता एवं पार्षद सरबजीत सिंह समाणा, साथ में सरपंच कुलवीर सिंह, क्लब अध्यक्ष आशीष वशिष्ठ, चेयरमैन परगट सिंह व अन्य।

जाते हैं। इसलिए गांवों में खेल उत्सव आयोजित करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी भगवंत सिंह मान की सरकार द्वारा बहुत सम्मानित किया जा रहा है।

पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में युवा नेता सरबजीत सिंह समाणा ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों में काम करने वाली हस्तियां आम आदमी पार्टी में शामिल हो रही हैं और जिसके कारण आम आदमी पार्टी का संगठनात्मक ढांचा पहले से अधिक मजबूत हुआ है। इस अवसर पर उपस्थित क्लब के अध्यक्ष आशीष वशिष्ट और चेयरमैन परगट सिंह ने बताया कि दूसरे क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान प्रथम पुरस्कार जीतने वाली टीम को 71 हजार नकद दिए जाएंगे, जबकि दूसरा पुरस्कार जीतने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि तीसरे और चौथे पुरस्कार के लिए 11 हजार रुपये रखे गए हैं, जबकि पांचवें से आठवें पुरस्कार के लिए खिलाड़ियों को 21-21 सौ सोरुपये नकद दिए जाएंगे।

क्लब के अध्यक्ष आशीष वशिष्ट ने बताया कि मैन ऑफ द सीरीज के विजेता को एक इलेक्ट्रिकल स्कूटर दिया जाएगा जबकि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को पुरस्कार के रूप में एक वॉशिंग मशीन दी जाएगी। क्लब के उपाध्यक्ष परमिंदर सिंह और राकेश कौशल ने बताया कि मैच सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक खेले जाएंगे। उन्होंने बताया कि ये मैच सेक्टर 83 आई.टी सिटी मोहाली मनौली में होंगे।

# रोज़गार एवं कारोबार ब्यूरो आज लगायेगा प्लेसमेंट कैंप

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

ज़िला रोज़गार एवं वाणिज्य ब्यूरो (डी.बी ई.ई) और मॉडल करियर सेंटर (एम सी.सी), एस.ए.एस नगर द्वारा 29 अक्टूबर, 2025 को ज़िला प्रशासनिक परिसर, कमरा संख्या 461, तीसरी मंज़िल, सेक्टर-76, मोहाली में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैंप का समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा।

अधिक जानकारी देते हुए,डी.बी.ई.ई एस.ए.एस नगर के उप निदेशक, श्री हरप्रीत सिंह मानशाहियाँ ने बताया कि पंजाब सरकार इच्छुक उम्मीदवारों को रोज़गार प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। जिसके तहत उपरोक्त प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस कैंप में डी मार्ट,




महाराज 70, ए.टी.एस कैस्प्रो आई.टी और टी.डी.एस कंपनियाँ विभिन्न पदों के लिए 12वीं, स्नातक, बी.टेक और एम.सी.ए उत्तीर्ण उम्मीदवारों का चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों का वेतन कंपनी के नियमों के अनुसार होगा और कार्यस्थल मोहाली होगा।

उन्होंने उम्मीदवारों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उम्मीदवार अपनी योग्यता के मूल प्रमाण पत्र और बायोडाटा के साथ औपचारिक पोशाक में समय पर आने का प्रयास करें।

# ग्राम/वार्ड रक्षा समितियों के सदस्यों के लिए 6 और 7 नवंबर को प्रशिक्षण शिविर लगाए जायेंगे

**» उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त बैठक में नशा मुक्ति यात्रा अभियान की प्रगति की समीक्षा की » नशे की बुराई के विरुद्ध लोगों को संगठित करने के लिए समन्वित प्रयासों का आह्वान**

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

राज्य में चल रहे "नशे के विरुद्ध युद्ध" अभियान के अंतर्गत, उपायुक्त कोमल मित्तल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हंस ने आज संयुक्त रूप से जिले में नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से चलाई जा रही नशा मुक्ति यात्रा और सामाजिक लामबंदी पहल की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक को संबोधित करते हुए, उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्ति यात्रा ने अब तक लगभग सभी गांवों और वार्डों को जागरूक किया है ताकि लोगों को नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा सके और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में ग्राम एवं वार्ड रक्षा समितियों (वीडीसी/डब्ल्यूडीसी) का गठन पूरा हो चुका है।

श्रीमती मित्तल ने कहा, "नवंबर से शुरू होने वाले अगले चरण में, इन समिति सदस्यों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएँगे।" जिले में 6 और 7 नवंबर को प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएँगे, जिनमें प्रतिदिन दो सत्र होंगे - सुबह और दोपहर।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि वीडीसी/डब्ल्यूडीसी सदस्यों की भूमिका अब और भी महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, "हमारे जिले को नशामुक्त बनाने के लिए, उन्हें नशामुक्ति के लिए पीड़ितों की सक्रिय रूप से पहचान करनी होगी और 'युद्ध धरुक्षो' मोबाइल ऐप के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देनी होगी।"

डीसी ने सिविल और पुलिस अधिकारियों को इन समितियों के साथ मिलकर काम करने का भी निर्देश दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके क्षेत्रों में कोई भी अवैध मादक पदार्थ गतिविधि न हो।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हंस ने दोहराया कि पुलिस नशा विरोधी अभियान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि कई नशा पीड़ितों को सेक्टर 66 स्थित सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य का उपचार ओपियोइड असिस्टेड ट्रीटमेंट (ओएटी) केंद्रों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए नशा तस्करों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

एसएसपी ने सभी उप-अधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार नशा मुक्त पंजाब के सपने को साकार करने के लिए स्थानीय समितियों के साथ मिलकर सक्रिय रूप से कार्य करें।

नशा मुक्ति अभियान की जोनल कोऑर्डिनेटर श्रीमती अनु बब्बर ने जिला, हल्का और ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों के साथ मिलकर जिला प्रशासन और पुलिस को क्षेत्र से नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

एडीसी (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी, एसडीएम दमनदीप कौर, दिव्या पी, अमित गुप्ता, एसपी दीपिका सिंह, डीएसपी पृथ्वी सिंह





चहल, हरसिमरन सिंह बल, करण सिंह संधू, विक्रमजीत सिंह बराड़, राजेश हस्तीर और नवीन पाल सिंह लेहल भी बैठक में उपस्थित थे।

# आपकी छोटी-छोटी आदतें बढ़ा सकती हैं कोलेस्ट्रॉल, जंक फूड से करें परहेज

**सेहत**

## » आयुर्वेद से जानें कंट्रोल करने का तरीका

कोलेस्ट्रॉल हमारे शरीर के लिए जरूरी तत्व है, क्योंकि यह कोशिकाओं, हार्मोन और विटामिन-डी के निर्माण में मदद करता है। लेकिन, जब इसकी मात्रा जरूरत से ज्यादा बढ़ जाती है, तो यही शरीर के लिए नुकसानदायक बन जाता है। बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल हमारी धमनियों में जमा होकर ब्लॉकेज, दिल के रोग और स्ट्रोक का कारण बन सकता है। आयुर्वेद में कोलेस्ट्रॉल को मेद धातु विकार कहा गया है। जब शरीर में वसा (फैट) बढ़ जाता है और पाचन अग्नि कमजोर हो जाती है, तब यह समस्या होती है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के मुख्य कारण तला-भुना और जंक फूड खाना, ज्यादा तेल और घी का सेवन, शारीरिक गतिविधि की कमी, तनाव, धूम्रपान, शराब और नींद की कमी है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की चयापचय क्रिया भी धीमी हो जाती है, जिससे वसा जमा होने लगती है। आयुर्वेद में इसके लिए कई घरेलू और प्राकृतिक उपाय बताए गए हैं। लहसुन सबसे असरदार नुस्खा है। सुबह खाली पेट 2-3 कच्ची



कलियां खाने से ब्लड पतला होता है और खराब कोलेस्ट्रॉल घटता है। आंवला लिवर को मजबूत करता है और शरीर में फैट जमने से रोकता है। एक चम्मच सूखे आंवले का पाउडर गुनगुने पानी के साथ रोज लें। मेथी दाना भी बहुत फायदेमंद है। एक चम्मच पाउडर सुबह खाली पेट लेने से शरीर में फैट का अवशोषण कम होता है। इसके अलावा, धनिया के बीज को उबालकर उसका पानी दिन में दो बार पीने से कोलेस्ट्रॉल प्राकृतिक रूप से घटता है। गिलोय और काली मिर्च का पाउडर समान मात्रा में मिलाकर दिन में दो बार लेने से शरीर के टॉक्सिन घटते हैं और लिवर मजबूत होता है। इसके साथ ही जीवनशैली में बदलाव भी बहुत जरूरी है। रोज कम से कम 30 मिनट टहलना, योग या प्राणायाम करना, तनाव से दूर रहना और पूरी नींद लेना कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण में रखता है। धूम्रपान और शराब से बिल्कुल दूर रहें, लिफ्ट की बजाय सीढ़ियां इस्तेमाल करें। आहार की बात करें, तो अपनी डाइट में ताजे फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज और ओट्स शामिल करें। अगर कोलेस्ट्रॉल बहुत ज्यादा है, तो कुछ आयुर्वेदिक औषधियां जैसे अरजुन चूर्ण, त्रिफला चूर्ण और योगराज गुग्गुल का सेवन कर सकते हैं।

**30 दिनों का कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल प्लान**

कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण के लिए 30 दिनों का यह प्लान आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों पर आधारित है। सुबह उठते ही गुनगुना नींबू पानी या मेथी पानी पीएं, फिर 10 मिनट अनुलोम-विलोम करें और खाली पेट 2-3 कच्ची लहसुन की कलियां या एक चम्मच आंवला पाउडर लें। रोजाना कम से कम 30–45 मिनट तेज़ चाल से टहलें या योग करें। नाश्ते में ओट्स, दलिया, मूंग दाल चीला या पोहा जैसे हल्के और कम तेल वाले विकल्प अपनाएं। दोपहर में हरी सब्जियां, दाल और मल्टीग्रेन रोटियां लें और साथ में सलाद व छाछ। शाम के नाश्ते में बादाम, अखरोट या फल खाएं और ग्रीन टी लें। रात का खाना हल्का रखें — सब्जियों का सूप या 1-2 रोटियां और ज्यादा देर रात खाना न खाएं। रात में सोते समय त्रिफला पाउडर या हल्दी वाला दूध लें।

# स्ट्रोक से बचाव संभव है, जागरूक रहें, समय रहते सही कदम उठाएं



स्ट्रोक अचानक, किसी को भी, कभी भी हो सकता है। यह तब होता है जब मस्तिष्क में रक्त प्रवाह बाधित हो जाता है या कोई रक्त वाहिका फट जाती है, जिससे मस्तिष्क को ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिल पाते। परिणामस्वरूप, व्यक्ति की बोलने, चलने-फिरने या सोचने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। आज की तेज़ रफ़्तार जीवनशैली, लंबे कार्य घंटे, तनाव, शारीरिक निष्क्रियता और असंतुलित आहार के कारण 45 वर्ष से कम की उम्र के लोग भी अब स्ट्रोक के बढ़ते खतरे के दायरे में हैं। भारत में स्ट्रोक दीर्घकालिक विकलांगता और मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक बना हुआ है। हालांकि, अच्छी खबर यह है कि अधिकांश स्ट्रोक रोके जा सकते हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वस्थ जीवनशैली और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप से लगभग 80% स्ट्रोक को रोका जा सकता है। इस वर्ष का विषय "हर मिनट मायने रखता है" (Every Minute Matters) स्ट्रोक के दौरान समय के महत्व को रेखांकित करता है। जितनी जल्दी इलाज शुरू होता है, ठीक होने की संभावना उतनी अधिक होती है। हर खोया हुआ मिनट अतिरिक्त मस्तिष्क क्षति का कारण बन सकता है, जबकि बचाया गया हर मिनट व्यक्ति की बोली, गतिशीलता और स्वतंत्रता बनाए रखने में मदद कर सकता है।

स्ट्रोक पहचानने का सरल तरीका – F.A.S.T.

* F – Face (चेहरा): क्या एक तरफ़ चेहरा झुका हुआ है?
* A – Arm (बाँह): क्या एक बाँह कमज़ोर या सुन्न है?
* S – Speech (बोली): क्या बोली अस्पष्ट या असामान्य है?
* T – Time (समय): देर न करें – तुरंत अस्पताल जाएँ।

अगर इनमें से कोई भी लक्षण कुछ सेकंड के लिए भी दिखे, तो इसे गंभीरता से लें और तुरंत आपात चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। शुरुआती उपचार पूरी तरह से ठीक होने और स्थायी विकलांगता के बीच का फर्क पैदा कर सकता है।


डॉ. नीतू रामरखियानी, डायरेक्टर – न्यूरोलॉजी विभाग, फोर्टिस अस्पताल, जयपुर ने कहा, "स्ट्रोक अब केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गई है। आज हमारे पास 3 में से 1 मरीज 45 से कम उम्र के होते हैं, जो तनाव, अनुचित आहार और व्यायाम की कमी से प्रभावित हैं। ज़्यादातर मामलों में यह स्थिति रोकी जा सकती है। अपने रक्तचाप, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच करें और शुरुआती संकेतों को कभी नज़रअंदाज़ न करें। समय पर उपचार से मस्तिष्क और जीवन – दोनों बच सकते हैं, क्योंकि 'टाइम इज़ ब्रेन'।"

डॉ. विकास गुप्ता, एडिशनल डायरेक्टर – न्यूरोलॉजी विभाग, फोर्टिस अस्पताल, जयपुर ने कहा, "कमज़ोरी, चक्कर आना या बोलने में थोड़ी परेशानी को हल्के में न लें। यह आपके शरीर का चेतावनी संकेत हो सकता है। नियमित व्यायाम करें, पौष्टिक आहार लें, धूम्रपान छोड़ें और तनाव को नियंत्रित रखें। रोकथाम मुश्किल नहीं है – बस नियमितता ज़रूरी है।"

इस विश्व स्ट्रोक दिवस पर, आइए हम सब मिलकर स्ट्रोक के लक्षणों को पहचानें, तुरंत कार्रवाई करें और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें — क्योंकि स्ट्रोक से जूझते समय, हर मिनट वाकई मायने रखता है।

# नींद न आना, मूड खराब और बढ़ता वजन, कहीं शरीर में इस विटामिन की कमी तो नहीं

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग घंटों स्क्रीन के सामने काम करते रहते हैं। यही वजह है कि कई लोगों में एक आम समस्या देखने को मिल रही है और वह है वजन बढ़ना। बहुत से लोग डाइटिंग और एक्सरसाइज करने के बावजूद वजन घटा नहीं पाते। इसका कारण सिर्फ खानपान या लाइफस्टाइल नहीं, बल्कि शरीर में बेहद जरूरी पोषक तत्व विटामिन डी की कमी भी हो सकती है। आधुनिक विज्ञान और आयुर्वेद दोनों ही मानते हैं कि शरीर का संतुलन तभी बना रहता है जब उसमें सूर्य की ऊर्जा सही मात्रा में पहुंचती है। विटामिन डी दरअसल उसी ऊर्जा का एक रूप है, जो हमारे शरीर को सूरज की रोशनी से मिलता है। इसे 'सनशाइन विटामिन' भी कहा जाता है, क्योंकि



यह हमारी त्वचा पर पड़ने वाली धूप से बनता है।

जब शरीर में इसकी कमी होती है, तो सिर्फ हड्डियां ही नहीं, बल्कि पूरा मेटाबॉलिज्म प्रभावित होता है। यह कमी धीरे-धीरे वजन बढ़ने, थकान, नींद में कमी और बार-बार खाने की इच्छा जैसी समस्याओं का कारण बन जाती है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो विटामिन डी शरीर में सेरोटोनिन नामक हार्मोन को नियंत्रित करने में मदद करता है। सेरोटोनिन हमारे मूड और भूख दोनों पर असर डालता है। जब इसकी मात्रा घटती है, तो नींद ठीक से नहीं आती, मूड बार-बार बदलता है और व्यक्ति जरूरत से ज्यादा खाने लगता है। यही ओवरईटिंग धीरे-धीरे मोटापे का कारण बनती है। इसके अलावा विटामिन डी की कमी से इंसुलिन का संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे शरीर में फैट जमा होने लगता है और वजन कम करना और मुश्किल हो जाता है।

आयुर्वेद के अनुसार, जब शरीर में 'अग्नि' यानी पाचन शक्ति, कमजोर होती है, तो विषैले तत्व बनते हैं जो शरीर में जमा होकर मोटापा और आलस्य बढ़ाते हैं। सूर्य की रोशनी इस 'अग्नि' को प्रज्वलित करती है यानी धूप हमारे शरीर की नैसर्गिक ऊर्जा को जगाती है। यही कारण है कि प्राचीन वैद्य सुबह-सुबह सूर्य स्नान करने की सलाह देते थे। सूरज की हल्की किरणें न सिर्फ शरीर में विटामिन डी बढ़ाती हैं, बल्कि मानसिक स्फूर्ति भी देती हैं।

अगर शरीर में विटामिन डी की कमी बढ़ जाए, तो इसके लक्षण धीरे-धीरे सामने आते हैं। लगातार थकान महसूस होना, हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द रहना, बालों का झड़ना या बार-बार मूड बदलना, ये सभी संकेत हो सकते हैं कि शरीर धूप से मिलने वाली इस ऊर्जा से वंचित है। कई बार लोग इन लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और सोचते हैं कि यह सिर्फ तनाव या नींद की कमी की वजह से है, जबकि असली कारण विटामिन डी की कमी हो सकती है।

ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इस कमी को दूर कैसे किया जाए? धूप में कुछ देर रहना सबसे आसान



तरीका है, लेकिन सिर्फ यही पर्याप्त नहीं। शरीर को यह विटामिन बनाने के लिए सही खानपान भी जरूरी है। संतरे का जूस और ओट्स जैसे अनाज भी विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं। आयुर्वेद में इसके साथ ही तिल का तेल, आंवला और अश्वगंधा जैसे औषधीय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

# फोन पर जवाब दे रहे अय्यर, सूर्यकुमार यादव ने रिकवरी को लेकर दिया अपडेट

**कैनबरा।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने श्रेयस अय्यर की रिकवरी को लेकर अपडेट दिया है। सूर्या ने बताया कि अय्यर की हालत स्थिर है और वह मोबाइल पर मैसेज के जवाब दे रहे हैं।

वनडे टीम के उप-कप्तान श्रेयस अय्यर 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान एलेक्स कैरी का कैच लेते समय चोटिल हुए थे, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया और बाद में आईसीयू में भर्ती कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में पाया गया कि उनकी स्प्लीन में गंभीर चोट है। सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले अय्यर को लेकर कहा, "हमने उनसे बात की।

पहले दिन जब हमें पता चला कि उन्हें चोट लगी है, तो मैंने सबसे पहले उन्हें फोन किया। फिर पता चला कि उनके पास फोन नहीं है। इसके बाद मैंने अपने फिजियो कमलेश को फोन किया। उन्होंने बताया कि अय्यर की हालत स्थिर है। पहले दिन तो कुछ भी पक्का नहीं



कहा जा सकता था।"

उन्होंने कहा, "हम पिछले दो दिनों से उनसे बात कर रहे हैं। वह जवाब दे रहे हैं। अगर वह फोन पर जवाब दे रहे हैं, तो इसका मतलब है कि उनकी हालत स्थिर है। डॉक्टर भी उनके साथ हैं, लेकिन अगले कुछ दिनों तक वह निगरानी में रहेंगे। अभी सब ठीक लग रहा है। वह जवाब दे रहे हैं। यही सबसे अच्छी बात है।"

इस बीच सूत्रों ने आईएएनएस को बताया है कि अय्यर आईसीयू से बाहर आ गए हैं। टीम मैनेजमेंट उनके संपर्क में है। उनकी रिकवरी पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही सूर्यकुमार यादव ने नीतीश कुमार रेड्डी के बारे में भी जानकारी दी है। नीतीश को एडिलेड में खेले गए दूसरे वनडे मैच के दौरान बाईं कोहनी में चोट लगी थी।

# टोंक के दिव्यांग क्रिकेटर शहजान खान का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**टोंक।** टोंक के एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले दिव्यांग क्रिकेटर शहजान खान ने अपने अथक प्रयासों और मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। शहजान ने राजस्थान टीम की दिव्यांग टीम में अपनी जगह पक्की की और तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मैचों में 6 विकेट लिए। कोच इम्तियाज अहमद की भूमिका शहजान को तेज गेंदबाजी के गुर सिखाने वाले कोच इम्तियाज अहमद ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें तेज गेंदबाज के रूप में तैयार किया। शहजान के चयन से टोंक में खुशी की लहर है और उनके कोच इम्तियाज अहमद ने उनकी सफलता का श्रेय उनकी मेहनत और समर्पण को दिया है।

राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन

शहजान का चयन राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई, महाराष्ट्र में होने वाले टूर्नामेंट के लिए किया गया है, जो 5 से 7नवंबर से शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में शहजान राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपनी तेज गेंदबाजी से विरोधी टीमों को चुनौती देंगे।



परिवार और कोच की खुशी

शहजान के परिवार और कोच इम्तियाज अहमद ने उनके चयन पर खुशी जताई है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शहजान की इस सफलता से टोंक के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होंगे।

# रियल मैड्रिड को झटका, करीब 2 महीने मैदान से बाहर रहेंगे कार्वाजल



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड को एफसी बार्सिलोना के खिलाफ जीत की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। मैड्रिड के डिफेंडर दानी कार्वाजल को घुटने में चोट लगी है, जिसके बाद अब वह 2026 की शुरुआत तक मैदान से बाहर रहेंगे। रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना पर 2-1 जीत दर्ज की थी, लेकिन इस दौरान टीम का यह डिफेंडर चोटिल हो गया। अब दानी कार्वाजल को ठीक होने में लगभग दो महीने का समय लगेगा। रियल मैड्रिड की आधिकारिक वेबसाइट ने बताया, 'रियल मैड्रिड की मेडिकल टीम ने दानी कार्वाजल की जांच की, जिसमें उनके दाएं घुटने के जोड़ में एक 'लूज बॉडी' पाया गया है। डिफेंडर अब 'आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी' से गुजरेंगे।"

स्पेन के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को मांसपेशियों में चोट के कारण एक महीने तक खेल से बाहर रहना पड़ा था, जिसके बाद बार्सिलोना के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न के रूप में वापसी की। अगर रिकवरी टाइमलाइन सही रही, तो कार्वाजल 2025 में फिर से नहीं खेल पाएंगे। ऐसे में दानी लगभग 10 मैच मिस कर सकते हैं, जिनमें से 7 ला लीगा और 3 चैंपियंस लीग के मुकाबले होंगे।

33 वर्षीय खिलाड़ी को घुटने के लिगामेंट में चोट के कारण 2024-25 में लगभग पूरे सीजन बाहर रहना पड़ा था। वह मौजूदा सत्र की शुरुआत में ही मैदान पर लौटे, ताकि टीम में नए शामिल हुए ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के साथ राइट-बैक की जगह के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकें।

अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड भी हाल ही में मांसपेशियों की चोट से उबरे हैं, जिसके चलते अलोंसो ने उरुग्वे के मिडफील्डर फेडे वाल्वरडे को अपनी टीम के डिफेंस के दाईं ओर तैनात किया है।

रियल मैड्रिड की बर्नब्यू में बार्सिलोना पर एल क्लासिको जीत के साथ कार्वाजल ने अपनी 200वीं ला लीगा जीत दर्ज की थी। उन्होंने 293 मैच खेले, जिसमें 10 गोल किए हैं।

इस दौरान 4 बार ट्रॉफी जीती। कार्वाजल ने इस प्रतियोगिता में 18 अगस्त 2013 को पदार्पण किया था। ला लीगा में उन्होंने रियल सोसिएदाद के खिलाफ 14 बार जीत दर्ज की है।

# आईसीयू से बाहर आए श्रेयस अय्यर, जानिए कैसी है स्थिति?

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से बाहर आ गए हैं। अब उनकी हालत स्थिर है। उम्मीद की जा रही है कि अय्यर अगले हफ्ते तक पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया है कि टीम मैनेजमेंट श्रेयस अय्यर के संपर्क में है। फिलहाल उनकी रिकवरी पर लगातार नजर रख रखी जा रही है। श्रेयस अय्यर 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलियाई पारी के 34वें ओवर में फील्डिंग के दौरान चोटिल हुए थे। हर्षित राणा के ओवर की चौथी गेंद पर एलेक्स कैरी ने हवाई शॉट खेला। अय्यर ने गेंद लपकने के लिए विपरीत दिशा में दौड़ लगानी शुरू की। आखिरकार, अय्यर गेंद कैच करने में कामयाब रहे, लेकिन इस दौरान जमीन पर गिर पड़े।

अय्यर की बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट आई, जिसके बाद वह दर्द से तड़पते दिखे। इसके बाद अय्यर मैदान से बाहर लौटे और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

शुरुआत में इसे पसलियों की चोट माना जा रहा था, लेकिन यह अनुमान से कहीं ज्यादा गंभीर निकली, जिसके कारण अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। अब उनमें सुधार के अच्छे संकेत दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, परिवार जल्द ही उनका हालचाल जानने ऑस्ट्रेलिया पहुंच सकता है।

इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अय्यर के चोटिल होने की पुष्टि करते हुए कहा था, "स्कैन से पता चला है कि उनकी प्लीहा में चोट लगी है। उनका इलाज जारी है। अय्यर की हालत स्थिर है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के परामर्श से उनकी चोट की स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। भारतीय टीम के डॉक्टर श्रेयस के साथ सिडनी में रहेंगे, ताकि उनकी दैनिक प्रगति का आकलन किया जा सके।"

श्रेयस अय्यर ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 11 रन की पारी खेली थी, जिसके बाद एडिलेड में 61 रन बनाए। हालांकि, सिडनी में खेले गए तीसरे मुकाबले में अय्यर बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे।

# करोड़ों में दुकानें खरीदीं पर अब तक नहीं मिला कब्ज़ा, नई सब्ज़ी मंडी में सिविल विंग की लापरवाही से आढ़तियों में रोष

**लक्की मेहता/ लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लक्की मेहता, लुधियाना। नई सब्ज़ी मंडी बहादुरके रोड में करोड़ों रुपये की बोली लगाकर दुकानें खरीदने वाले आढ़ती अब परेशान हैं। ऑनलाइन बोली के ज़रिए करीब 70 दुकानों की बिक्री हुए पांच महीने बीत चुके हैं, लेकिन पंजाब मंडी बोर्ड के सिविल विंग की लापरवाही के कारण अब तक निशानदेही और कब्ज़ा नहीं दिया गया।

▪ **आढ़तियों की पीड़ा-** "किश्तें भर रहे, पर दुकानें नहीं मिल रहीं" आढ़ती मनोज कुमार, हरजोत सिंह, कुशल, अंकित, अक्षय, किस्मत और राजन बवेजा ने बताया कि उन्हें मंडी बोर्ड की ओर से अलॉटमेंट लेटर तो मिल गया, पर उस पर साफ लिखा था कि 15 दिन के भीतर निशानदेही दी जाएगी। लेकिन अब 5 महीने बाद भी दुकानें कागज़ों में ही हैं। आढ़तियों का कहना है कि उन्होंने 25% रकम जमा कर दी है, बैंक से लोन भी लिया और किश्तें देना शुरू कर दीं, मगर दुकानों पर अब भी अस्थायी फड़ियां लगी हुई हैं। "हमने पूरी प्रक्रिया पूरी कर ली, बैंक किस्तें वसूल रही है लेकिन दुकानें नहीं मिल रहीं। **कारोबार ठप पड़ गया है,"** **-आढ़ती मनोज कुमार...**



मंडी में लगी फड़ियां जहां दुकानदारों को अलॉट हुई है दुकानें ।

किस्तें रोकने की मांग उठी कुछ आढ़तियों ने बताया कि जिन्होंने लोन नहीं लिया, उन्हें सरकारी किश्त छह महीने बाद देनी थी। मगर अब कब्ज़ा न मिलने के चलते कई आढ़ती मार्किट कमेटी से किश्त रोकने की मांग कर रहे हैं, ताकि अनावश्यक वित्तीय बोझ से बचा जा सके।

▪ **मार्किट कमेटी ने सिविल विंग को नोटिस भेजा...**

मार्किट कमेटी के सचिव हरिंदर सिंह ने बताया कि दुकानदारों को निशानदेही देने के निर्देश जारी किए गए हैं और इस देरी के लिए सिविल विंग को नोटिस जारी किया गया है।

▪ **"एक हफ्ते में निशानदेही देंगे-सिविल विंग...**

सिविल विंग के एस.डी.ओ. सुखविंदर सिंह ने कहा, "हम नक्शे के हिसाब से जल्द निशानदेही देंगे।" वहीं जेई गुरनूर सिंह ने दावा किया कि, "एक हफ्ते के अंदर सभी दुकानों की निशानदेही कर दी जाएगी, चाहे वहां अस्थायी फड़ियां हों या नहीं।"

▪ **"आढ़ती मंडी का अभिन्न अंग हैं" — डीएमओ...**

मार्किट कमेटी के डीएमओ गुरमतपाल सिंह ने कहा कि, "आढ़ती हमारे मंडी बोर्ड का अभिन्न अंग हैं। हमने किश्तें रोकने की मांग अपने उच्च अधिकारियों तक पहुँचा दी है। मंडी बोर्ड आढ़तियों के हित में ही फैसला लेगा।"

▪ **आढ़तियों की मांग...**

कब्ज़ा मिले, तभी किश्तें जारी हों आढ़तियों का कहना है कि जब तक मंडी बोर्ड उन्हें दुकानें नहीं सौंपता, तब तक किश्तों की वसूली रोकी जानी चाहिए, ताकि कारोबार शुरू होने तक उन्हें आर्थिक राहत मिल

# वार्ड नंबर 94 में आम आदमी क्लिनिक का शुभारंभ, क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

**लक्की मेहता/ लुधियाना**
**समर न्यूज़**

आम आदमी क्लीनिक खोलने की लड़ी को जारी रखते हुए पंजाब सरकार ने लुधियाना में एक और आम आदमी क्लीनिक का शुभारंभ किया। यह शुभ आरम्भ मंगलवार को हल्का नॉर्थ के विधायक मदन लाल बग्गा ने वार्ड नंबर 94 में किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इलाका निवासी मौजूद रहे। लोगों ने विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा और पार्षद अमन बग्गा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लिनिक बनने से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी। लोगों ने बताया कि पहले उनका इलाज के लिए दूर दराज अस्पतालों में जाना पड़ता था लेकिन अब उनको वार्ड में ही सुविधा मिल गई। पार्षद अमन बग्गा ने कहा कि आम आदमी सरकार जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में विकास कार्यों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी। अमन बग्गा ने बताया कि वार्ड में पार्क और खेल के मैदान का भी लगातार विकास किया जा रहा है ताकि युवा और आम लोग स्वस्थ प्रतिदिन जागरुक रहेंगे और उनको खेलने और सैर करने के लिए साफ-साफ माहौल मिल सके।



*लुधियाना में आज मौसम साफ़ और सूखा रहने का अनुमान है, दोपहर में अधिकतम तापमान लगभग 30–31C और सुबह-रात न्यूनतम 16–18C के आसपास रहेगा।*

# कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग लाखों का माल जलकर राख हुआ



गोदाम में लगी आग के बाद मौजूद इलाके के लोग।

**अशवनी पाहवा/शेखर शर्मा/ लुधियाना | समर न्यूज़**

ढंडारी खुर्द स्थित पूजा कांप्लेक्स के पास सोमवार देर रात करीब 10:30 बजे एक कबाड़ के गोदाम में भीषण आग लग गई। अचानक लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह आग पास में जले पटाखे के गोदाम में गिरने से लगी बताई जा रही है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। इलाके के लोगों ने तुरंत मामले की सूचना फायर बिग्रेड और पुलिस को दी। जहा खबर लिखे जाने तक एक दर्जन से अधिक गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रही। स्थानीय निवासी उमेश मिश्रा ने बताया कि खुले प्लॉट में बनाए गए इस गोदाम में बड़ी मात्रा में कबाड़ का सामान रखा हुआ था। आग लगते ही लोगों ने बाल्टियों और पाइप से पानी डालकर उसे बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों और धुएं के कारण वे असफल रहे। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कई गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग की तीव्रता इतनी थी कि आसपास के घरों और दुकानों को भी खतरा पैदा हो गया था। जिसके चलते आसपास के घरों को खाली करवाया गया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना रहा। लोग अपने घरों से बाहर निकल सड़को पर घूमते रहे। सौभाग्य से इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। थाना फोकल प्वाइंट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और गोदाम मालिक के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है कि आग वास्तव में पटाखे से लगी या किसी अन्य वजह से।

# श्री गोविन्द गौधाम गौशाला में गोपाष्टमी पर्व 30 अक्टूबर को



**समर न्यूज़ | लुधियाना**

श्री गोविन्द गौधाम गौशाला में इस वर्ष गोपाष्टमी पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार, 30 अक्टूबर 2018 को प्रातः 5:00 बजे से गौ पूजन एवं गौ सेवा के साथ किया जाएगा। गौशाला में श्री राधा-कृष्णजी के भव्य दर्शन प्रारंभ होंगे। शहर के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाली प्रभातफेरियों का स्वागत ट्रस्ट भक्तों एवं सेवकों द्वारा प्रातः 5:00 बजे से किया जाएगा। सभी भक्तों के लिए चाय प्रसाद की व्यवस्था भी रखी गई है। गौशाला परिसर में पूजन हेतु आवश्यक पूजा एवं पूजन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी ताकि अधिक से अधिक भक्तजन इसमें भाग ले सकें। इस कार्यक्रम की जानकारी सुंदरदास धमीजा, अशोक धवन, मनोहर वर्मा, और सेवक सोनी वालिया द्वारा दी गई।आयोजन में प्रमुख रूप से राज गोयल, दीपक जैन, बंसत कुमार, अनूप सग्गड़ ,पंडित राज शर्मा, अशमनी ग्रोवर, सुभाष जिंदल, प्रमोद दीवान, डॉ. अशमनी गुप्ता और प्रवीण अग्रवाल सेवाएं देंगे।

# पीएयू में वॉलीबॉल रेफरी कोर्स आयोजित



**लक्की भट्टी/लुधियाना**
**समर न्यूज़**

पंजाब वॉलीबॉल एसोसिएशन ने वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (वीएफआई) के सहयोग से पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू), लुधियाना में दो दिवसीय रेफरी कोर्स क्लिनिक का आयोजन किया। इसका संचालन अंतरराष्ट्रीय रेफरी प्रशिक्षक रामेश्वर चौहान और अनिल कसाना ने किया। कोर्स में 45 पुरुषों और 13 महिलाओं सहित 58 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को रेफरी से जुड़े तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।एसोसिएशन के अध्यक्ष व सांसद गुरजीत सिंह औजला ने वीडियो संदेश के जरिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। समापन समारोह में डॉ. कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष कपिल सेठ, तरुण भटेजा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों को सम्मानित करने के साथ हुआ।

# हीरो बेकरी चौक के पास स्कूटी सवार दो बहनों से पर्स झपटा, गिरने से दोनों घायल





**समर न्यूज़ | लुधियाना**

महानगर में स्नैचिंग की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला हीरो बेकरी चौक के पास सामने आया, जहां स्कूटी सवार दो बहनों को झपटमारों को शिकार बनना पड़ा। घटना मंगलवार शाम की है, जब लविका शर्मा अपनी बहन भूमिका शर्मा के साथ एक्टिवा पर सवार होकर पक्खोवाल रोड अंडरपास की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार झपटमार ने लविका का पर्स झपट लिया।अचानक हुए झटके से एक्टिवा का संतुलन बिगड़ गया और दोनों बहनें सड़क पर गिर गईं।

हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत उन्हें दीपक अस्पताल पहुंचाया और उनके परिवार को सूचना दी। पीड़िता लविका शर्मा ने बताया कि झपटे गए पर्स में उसका आईफोन 15, ओप्पो कंपनी का मोबाइल और करीब 6हजार रुपये नगदी सहित उसके जरूरी दस्तावेज थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि आरोपी की पहचान हो सके। पुलिस ने अज्ञात झपटमारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

दा SUMMER न्यूज़
दा SUMMER न्यूज़
दा SUMMER न्यूज़
Summer News ਪੰਜਾਬ
The Summer News दिल्ली
The Summer News हिमाचल
The Summer News हरियाणा
Summer News भारत
The Summer News राजस्थान
Summer News धार्मिक
Summer News ਲੁਧਿਆਣਾ
Summer News Sports
Summer PollyBolly
thesummernews the.summer.news thesummernews thesummernews www.thesummernews.com

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 53